श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 196, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 14 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपी में डबल इंजन से हो रहा विकासः सीएम योगी

## सफलता के लिए समय व तकनीकी के अनुरूप चलना जरूरी, गोरखपुर के मोतीराम अड्डा में मुख्यमंत्री ने किया वेयरहाउस का उद्घाटन






**गोरखपुरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए समय व तकनीकी के अनुरूप चलना होगा। समयानुकूल तकनीकी के अनुरूप न चलने पर प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाने का खतरा होता है। आज का दौर समय के अनुकूल तकनीकी अपनाकर आगे बढ़ने का है। सीएम योगी रविवार को मोतीराम अड्डा में निजी क्षेत्र के मेसर्स श्री एसोसिएट्स की तरफ से बनवाए गए वेयरहाउस का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022 से प्रेरित होकर 30 करोड़ रुपये के निवेश से यह वेयरहाउस 1.23 लाख वर्गफुट में बनाया गया है। इसका एमओयू फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित किया गया था। इससे करीब एक हजार लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। वेयरहाउस के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया, केंद्रीय भंडारण निगम व को ऑपरेटिव द्वारा वेयरहाउस बनाए जाते रहे हैं। पर, तकनीकी पुरानी होने से नुकसान अधिक होता था। उन्होंने कहा कि समय व तकनीकी के हिसाब से खुद को बदला नहीं गया तो पीछे छूट जाएंगे और काफिले में पीछे छूटे व्यक्ति के लिए मंजिल दूर की कौड़ी हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार ने समयानुकूल तकनीकी को समाहित करते हुए वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी बनाई। बड़े बड़े निवेशकों को इस सेक्टर में निवेश के लिए आमंत्रित किया। वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक के लिए छूट की व्यवस्था की। इसी पॉलिसी का एक सुखद परिणाम आज मोतीराम अड्डा में इस विशाल वेयरहाउस के रूप में दिख रहा है। सवा चार एकड़ क्षेत्रफल वाला यह वेयरहाउस संभवतः पूर्वी उत्तर प्रदेश का अबतक का सबसे बड़ा वेयरहाउस है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने वेयरहाउस संचालकों को बधाई भी दी।

**धरातल पर उतरेंगे जीआईएस के निवेश प्रस्तावः** सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की हर सेक्टर के लिए प्रोत्साहन वाली नीतियों से फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए निवेश प्रस्ताव आए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू धरातल पर उतरेंगे और विकास के साथ नौकरी व रोजगार की प्रक्रिया और तेज होगी।



**एशियन पेंट्स ने गोरखपुर को बनाया सप्लाई चेन का केंद्रः** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वेयरहाउस को 22 लाख रुपये प्रतिमाह पर प्रतिष्ठित कंपनी एशियन पेंट्स ने किराए पर लिया है। एशियन पेंट्स इसके जरिये गोरखपुर को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल तक के लिए अपने उत्पादों का सप्लाई चेन बना रही है। इससे रोजगार की संभावनाएं और तेजी से बढ़ेंगी। उद्घाटन समारोह के मंच से सीएम योगी ने यशोदा देवी सरोजनमती कन्या इंटर कॉलेज मोतीराम अड्डा की मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर पुरस्कृत भी किया।

### सरकार के प्रोत्साहन से मात्र नौ माह में बना वेयरहाउस

**वेयरहाउस** के संचालक बृजेश मणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के प्रोत्साहन से इस वेयरहाउस का निर्माण सभी मानक पूर्ण करते हुए मात्र नौ माह में किया गया है।

आभार ज्ञापन वेयरहाउस के संचालक योगेश मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्रेरक रहा। उद्घाटन समारोह कोगोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खजनी के विधायक श्रीराम चौहान, सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, एशियन पेंट्स के महाप्रबंधक मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ई-गवर्नेंस के लिए यूपी को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार




**लखनऊः उत्तर प्रदेश** में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 'डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज' के लिए शुरू की गई परियोजना/पहल 'मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन' (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश (एनएचएम-यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है। एनएचएम-यूपी को यह नेशनल अवार्ड श्रेणी-1 के अंतर्गत "गवर्नमेंट प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन" के तहत ई-गवर्नेंस योजना 2023 के लिए दिया जा रहा है। मंत्रा को भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस के लिए एक उपकरण के रूप में मान्यता दिया जाना प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि यूपी लेबर रूम के लिए ऑनलाइन एमआईएस को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है। सिल्वर अवार्ड के तहत एनएचएम-यूपी को इस परियोजना के लिए प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक टीम सदस्यों (परियोजना प्रमुख सहित 4 लोग) को भी प्रमाणपत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। ट्रॉफी और प्रमाण पत्र 24-25 अगस्त, 2023 को इंदौर (म.प्र.) में प्रस्तावित ई-गवर्नेंस (एनसीईजी) पर 26वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

## नूंह में हुआ महापंचायतः फिर निकलेगी ब्रजमंडल यात्रा



**नूंह/पलवलः हरियाणा** के नूंह में फिर ब्रजमंडल यात्रा निकालने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 28 अगस्त का दिन तय किया गया है। हालांकि प्रशासन से बातचीत के बाद तारीख आगे-पीछे भी की जा सकती है। यह फैसला रविवार को पलवल में हुई हिंदू महापंचायत में लिया गया। 31 जुलाई को इसी यात्रा के दौरान जमकर हिंसा और आगजनी हुई थी। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा दंगों की जांच एनआईए से करवाने, नूंह में बसे रोहिंग्या को बाहर निकालने और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस एमएलए मामन खान को भी तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की गई। महापंचायत में पहुंचे गुरुग्राम जिले की सोहना विधानसभा सीट के बीजेपी एमएलए संजय सिंह ने अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को दोबारा शुरू करने का मुद्दा उठाया था।

**महापंचायत की 4 प्रमुख मांगें**
महापंचायत में सर्वसम्मति से गठित 51 लोगों की कमेटी ने नूंह दंगों में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ का मुआवजा व सरकारी नौकरी और घायलों को 50-50 लाख रुपए देने की मांग की। नूंह जिले को खत्म करने के साथ-साथ वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बदलने की डिमांड भी की।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रतन सिंह सोरोत ने कहा कि दंगाइयों पर नूंह में दर्ज किए गए सभी मुकदमों को गुरुग्राम या किसी दूसरे जिले में ट्रांसफर वहां इनकी सुनवाई फास्ट ट्रैक करवाई जाए। रैपिड एक्शन फोर्स या हरियाणा पुलिस की एक बटालियन का हेडक्वार्टर नूंह में ही बनाई जाए।

## बलूचिस्तानः हमले में चार चीनी नागरिकों समेत 13 की मौत

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** में चीनी कामगारों के काफिले पर हुए हमलों की ताजा कड़ी में बलूचिस्तान में रविवार को हुए एक हमले में चार चीनी नागरिक समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पाकिस्तानी सेना के नौ सैनिक भी शामिल हैं। इस हमले की बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जिम्मेदारी ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी इंजीनियरों के काफिले पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। बलूच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते माजिद ब्रिगेड ने ग्वादर में चीनी कामगारों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए का कहना है कि उसके दो मजीद ब्रिगेड फिदायीन ने हमले में हिस्सा लिया। इस हमले की पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दो कथित हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं। रिपोर्टों के मुताबिक चीनी इंजीनियरों पर फकीर कॉलोनी ग्वादर के पास हमला हुआ। चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हमले के बाद ग्वादर में धमाकों का सिलसिला जारी है। बंदरगाह शहर ग्वादर में विस्फोटों और गोलियों की आवाज सुनी जा सकती हैं। यहां की सभी सड़कों को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।सरकारी अधिकारियों ने भी ग्वादर में चीनी इंजीनियरों पर हमले की पुष्टि की है।

## चीन-पाक बॉर्डर पर इजराइली ड्रोन तैनात



**नई दिल्ली/लद्दाखः भारत ने** नॉर्दर्न सेक्टर के फॉरवर्ड एयरबेस पर एडवांस्ड हेरोन मार्क-2 ड्रोन तैनात किए हैं। ये ड्रोन्स लॉन्ग रेंज मिसाइलों से दुश्मन पर हमला करने में सक्षम हैं। इसके अलावा एक ही उड़ान में चीन-पाकिस्तान दोनों सीमाओं की निगरानी भी कर सकते हैं। हेरोन मार्क-2 ड्रोन्स इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने बनाए हैं। इनसे एक ही उड़ान में कई मिशन को अंजाम दिया जा सकता है और एक साथ कई सेक्टरों पर निगाह रखी जा सकती है। एक दिन पहले ही इंडियन एयरफोर्स ने श्रीनगर एयरबेस पर एडवांस्ड मिग-29 फाइटर जेट की स्क्वॉड्रन तैनात की है। नॉर्दर्न सेक्टर में मिग-29 और हेरोन मार्क-2 ड्रोन तैनात होने से सेना की ताकत बढ़ गई है।

**टारगेट की 24 घंटे निगरानी कर सकता है ड्रोन**
ड्रोन स्क्वॉड्रन के कमांडिग ऑफिसर विंग कमांडर पंकज राणा ने बताया- हेरोन मार्क-2 बहुत सक्षम ड्रोन है। यह लंबे समय तक टिकने में सक्षम है और बड़े इलाके में निगरानी कर सकता है। मॉडर्न एवियोनिक्स और इंजन की वजह से ड्रोन का ऑपरेशनल टाइम बढ़ा है।

ये सैटेलाइट कम्युनिकेशन से भी लैस है और टारगेट की 24 घंटे निगरानी करने में सक्षम है। हेरोन मार्क-2 ड्रोन फाइटर जेट्स की भी मदद करते हैं। ये अपने टारगेट पर लेजर लाइट डालते हैं, जिससे फाइटर एयरक्राफ्ट टारगेट को पहचान कर उस पर सटीक निशाना साध सके।

**जीरो से कम तापमान में भी काम करेगा हेरोन मार्क-2**
स्क्वॉड्रन लीडर अर्पित टंडन ने बताया कि हेरोन मार्क-2 पुराने वर्जन से काफी बेहतर हैं। ये जीरो से कम तापमान होने पर भी काम करने में सक्षम है।

## पीएफआई के 14 स्थानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ रविवार को पांच राज्यों में सिलसिलेवार छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुल 14 स्थानों पर छापे मारे गए। इस दौरान कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ दस्तावेज भी जब्त किए गए। एनआईए ने कहा कि वह भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पीएफआई और उसके शीर्ष नेतृत्व के प्रयासों को उजागर करने तथा विफल करने के लिए काम कर रही है। इसी के तहत देश के कन्नूर, मलप्पुरम, दक्षिण कन्नड़, नासिक, कोल्हापुर, मुर्शिदाबाद और कटिहार समेत कुल 14 स्थानों पर छापे मारे गए। एनआईए को संदेह है कि मध्य स्तर के कई पीएफआई एजेंट मास्टर ट्रेनर के रूप में काम कर रहे हैं,

जो अपने अत्यधिक कट्टरपंथी पीएफआई कैडरों को हथियारों, लोहे की छड़ों, तलवारों और चाकूओं के इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के लिए देश के विभिन्न राज्यों में हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं।

## स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के साथ नौसैनिक विरासत को संभालने के लिए तैयार

# राष्ट्रपति 17 को लॉन्च करेंगी युद्धपोत विंध्यगिरी



**नई दिल्ली। भारतीय** सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 अगस्त को 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी लॉन्च करेंगी। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। इसका नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है, जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकाता में निर्मित किया गया है। इस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक विंध्यगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को विशिष्ट सेवा के लिए एक तरह से श्रद्धांजलि है।

आईएनएस विंध्यगिरी ने 08 जुलाई 1981 को नौसेना में शामिल होकर 11 जून 2012 तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लगभग 31 वर्षों तक सेवा दी थी। नवनिर्मित विंध्यगिरी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी समृद्ध नौसैनिक विरासत को संभालने के लिए तैयार है।

## घर, ऑफिस, स्कूल, दुकान हो या फिर औद्योगिक संस्थान, सभी जगह फहराएगा तिरंगा

# यूपीः हर घर तिरंगा अभियान की सीएम योगी ने की शुरूआत



**लखनऊः सीएम** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर उत्तर प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत कर दी है। ध्वजारोहण के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से 15 अगस्त तक अपने घर, प्रतिष्ठान और दफ्तरों में तिरंगा फहराकर आजादी के अमृत महोत्सव का भागीदारी बनने की भी अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी आज झंडा फहराकर इसी अपील को दोहराया है। पीएम मोदी और सीएम योगी की अपील को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार भी पिछली बार की तरह उत्तर प्रदेश में लक्ष्य से अधिक झंडे फहराए जाएंगे। पिछले वर्ष योगी सरकार ने 4.76 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य रखा था, जबकि लक्ष्य के सापेक्ष कुल 5.25 करोड़ झंडे फहराए गए थे। इस बार सरकार ने 5 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य तय किया है और हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों के उत्साह को देखते हुए लक्ष्य से भी अधिक झंडे फहराए जाने की संभावना है।

**झंडों की उपलब्धता का भी किया गया प्रबंधः** प्रदेश में जिन स्थानों पर झंडा फहराया जाएगा, यदि उनका आंकड़ा देखें तो स्पष्ट है कि 5 करोड़ का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाएगा। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अनुमानित कुल 3 करोड़ 98 लाख 76 हजार 217 आवास हैं। वहीं अन्य प्रतिष्ठानों की संख्या भी अनुमानित 29 लाख 91 हजार 813 है। इसके अलावा तमाम निजी दफ्तर, दुकानें,शैक्षणिक संस्थाएं, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर भी झंडा फहराया जाएगा। इतने बड़े लक्ष्य के सापेक्ष योगी सरकार ने प्रदेश में झंडों की उपलब्धता का भी विशेष प्रबंध किया है।

## कैट को हर घर तिरंगा अभियान से 600 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान




**नई दिल्ली। कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का अनुमान है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान से इस वर्ष देशभर में करीब 35 करोड़ तिरंगे झंडे की बिक्री होगी, जिससे लगभग 600 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। पिछले वर्ष इस अभियान से लगभग 500 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।

कैट ने रविवार को देशभर के व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं घरों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज जरूर लगाने और अपने कर्मचारियों को भी तिरंगे झंडे वितरित करने की अपील की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रभक्ति एवं स्व-रोजगार से जुड़े इस अभियान ने पूरे देश में लोगों के बीच देशभक्ति की भावना को बढ़ाने ।

## खबर संक्षेप


### 16 वीं एकादशी गीता व्याख्यान गोष्ठी भव्यता से सम्पन्न

**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महा विद्यालय जंघई एवं त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान, वाराणसी संस्कृत विभाग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास के पुरुषोत्तमी एकादशी को आयोजित श्रीमद् भगवदगीता विषयक व्याख्यान गोष्ठी अंतर्जाल माध्यम से जूम प्लेटफॉर्म पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी पीजी कॉलेज वाराणसी के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ दीपक शर्मा के वैदिक मंगलाचरण से हुआ। तत्पश्चात लंदन से जुड़ी छात्रा फ्रांसिस रोज कनिंघम ने सुमधुर स्वर में गीता के श्लोकों का पाठ किया।संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता जेएनयू नई दिल्ली के संस्कृत विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार शर्मा ने व्याकरण की दृष्टि से गीता के कर्मयोग की बहुत विद्वत्तापूर्ण व्याख्या प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के संस्कृत विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो0 सरोज कौशल ने अत्यंत सारगर्भित रूप में गीता के अनुसार हमारा व्यक्तित्व कैसा होना चाहिए का प्रतिपादन किया। सभी का स्वागत प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता त्रिपुरा विश्वविद्यालय से प्रो0 शिप्रा रॉय, समन्वयन डॉ शंकर नाथ तिवारी ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन राजकीय महाविद्यालय मुहम्मदाबाद गोहना मऊ के डॉ चंद्रकांत दत्त शुक्ल एवं संचालन नागरिक कॉलेज के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश मिश्र, डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ विनोद पाण्डेय, डॉ प्रमोद पाण्डेय, बागपत से सुविख्यात संस्कृत कवि डॉ अरविन्द तिवारी समेत सैकड़ों लोग देश विदेश से जुड़े रहे।

# एनटीपीसी की सहायक कम्पनी नीपको परियोजना के विकास के लिए अरूणांचल सरकार के साथ किया समझौता

## 2620 मेगावाट जलविद्युत परियोजना की हुई डील, रोजगार व अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढावा

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** एनटीपीसी सहायक कंपनी नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर करके सतत ऊर्जा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह समारोह यहां ईटानगर में हुआ, जिससे 2620 मेगावाट जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता मजबूत हुई।ये पनबिजली परियोजनाएं राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्य के अनुरूप भारत के हरित ऊर्जा उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। एनडीसी का लक्ष्य 2030 तक प्रभावशाली 500 मेंगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। देश के कार्बन पदचिह्न को कम करने और 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में यात्रा को तेज करने में जलविद्युत परियोजनाओं का योगदान महत्वपूर्ण होगा।अपने पर्यावरणीय लाभों के अलावा, ये पनबिजली परियोजनाएं क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि के लिए बहुत बड़ी संभावनाएं रखती हैं। परियोजनाओं से रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा होने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और स्थानीय आबादी के बीच कौशल विकास और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस एमओए के साथ नीपको और अरुणाचल प्रदेश सरकार एक ऐसे उद्यम पर सहयोग करने के लिए तैयार हैं जो न केवल पनबिजली की विशाल क्षमता का दोहन करेगा बल्कि भारत के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ ऊर्जा भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

## न्यूज झरोखा

### विजयी विश्व तिरंगा भारत के फहरात बा...

#### बच्चो ने गीत और कविता की प्रस्तुतियों से बांधी समां




**करछना।** बृज मंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृखंला में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों के दौरान काव्य, गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। खुशी और सखियों ने, सरगवा से प्यारी हमार धरती और राज शर्मा ने विजयी विश्व तिरंगा भारत के फहरात बा।जैसे गीतों में राष्ट्र भावना जागृति की,तो वहीं हर्ष प्रताप सिंह,श्रद्धा,सुभाष विश्वकर्मा और खुशबू ने गीत भाषण प्रस्तुत करते हुएमें राष्ट्र के नव निर्माण में संकल्प लेते हुए बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृति की तो वहीं बच्चों की प्रस्तुतियों में माटी के गीतों का रंग भी झलका।कई बच्चों ने स्वरचित कविताओं में अपनी माटी अपने देश के रंग उकेरते हुए अभिभावकों को भी प्रेरित किया।संगीत शिक्षिका मोहिनी श्रीवास्तव और मालती शर्मा ने भी गीत और कविताओं से समां बांधी।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि श्रृखंला के आयोजित सभी कार्यक्रम मातृभूमि के प्रति समर्पित होकर शहीदों की भावनाओं और अतीत की स्मृतियों को ताजा करते हैं।इसके उपरांत कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों समेत बच्चों के सामूहिक भोज के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया।इस मौके पर शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

### किसान पाठशाला में शामिल किसानों की निपटाई गई समस्या




**करछना।** ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर के पंचायत भवन में आयोजित दो दिवसीय किसान पाठशाला के पहले दिन कृषि विभाग के प्रतिनिधि संदीप पटेल जी द्वारा ग्राम पंचायत के किसानों को कृषि विकास से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई तथा किसानों के किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया इस अवसर पर अवधेश पाण्डेय एडवोकेट हरिशंकर पांडेय कृष्णदेव पांडेय निखिल पांडेय मकबूल अहमद दरगाही समेत बड़ी संख्या में ग्राम वासी व किसान उपस्थित रहे।

### मऊआइमा थाना पडाव स्थित सिद्वान्तेश्वर महादेव पन्द्रह दिवसीय जाप का आयोजन किया गया



**मऊआइमा।** सिद्वान्तेश्वर महादेव थाना पडाव मऊआइमा में पन्द्रह दिवसीय अखंड ओम नमः शिवाय जाप का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी मुस्कान किन्नर ने देते हुए बताया कि श्रावण मास के पवन अवसर पर क्षेत्रवासियों के के सहयोग से 16 अगस्त से पन्द्रह दिवसीय आखंड ऊं नमः शिवाय जाप तत्पश्चात अनवरत सीताराम जय प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। तथा मुस्कान किन्नर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मां कौशल्यानन्द गिरी ,मदुथ दास जी,जंगल बाबा,सीताराम दास, राधा माधव दास, बाबा मंगला यादव आदि शामिल होंगें।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

## दहेज की बलि चढा दी गयी लक्ष्मी उर्फ इस्त्रावती, ससुरालियों पर मार डालने का आरोप, मुकदमा दर्ज, मऊआइमा के ग्राम बडौरा खानदेव का सराय में हुई घटना

अखंड भारत संदेश




**मऊआइमा।** एक विवाहिता के शादी के53 दिन ही गुजरे थे कि दहेज लोभी ससुरालियों ने नवविवाहिता को मार कर फांसी के फंदे पर लटका कर आत्म हत्या का रूप देने का आरोप मयके वाले ने लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पति ,ससुर को पुलिस ने हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। तथा सूचना पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रयागराज के थाना झूंसी के दरिया गुलाब पुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार वनवासी पुत्र राम कृपाल ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री इस्त्रावती उर्फ लक्ष्मी की शादी 24 जून2023को मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बडौरा खानदेव सराय निवासी राजेश कुमार पुत्र सन्त लाल के साथ तमाम दान दहेज देकर किया था। इस्त्रावती उर्फ लक्ष्मी के पिता राजेंद्र कुमार वनवासी का आरोप है कि शादी के बाद से उसकी बेटी से एक लाख रुपये,सोने की जंजीर, अंगूठी की मांग करते चले आ रहे हैं। राजेंद्र कुमार का आरोप है कि उसकी बेटी 12 अगस्त शनिवार को फोन से बताया कि पिता जी दहेज दे दो वरना यह ससुराली लोग मार डालेगें। जब तक राजेंद्र कुमार देर रात बेटी के ससुराल पहुंचा तो वह मिटटी से सनी हुई खून के छीटें चेहरे पर लगे हुई फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इस्त्रावती उर्फ लक्ष्मी के परिजनों ने देखा तो मामला संदिग्ध धा।

बताते हैं कि रात में समझौते की बात चली। परन्तु मृतका लक्ष्मी उर्फ इस्त्रावती के परिजन नहीं मानें। रविवार को सुबह परिजन मऊआइमा थाने पहुंचे तथा तहरीर देकर मृतका लक्ष्मी उर्फ इस्त्रावती के पति राजेश कुमार, सास अज्ञात, ससुर सन्तलाल तथा परिजन नाम अज्ञात में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मृतका के पति राजेश कुमार ,तथा ससुर सन्त लाल को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तथा मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका इस्त्रावती उर्फ लक्ष्मी तीन भाईयों में अकेली थी। बडे भाई अरूणा 22 वर्ष से छोटी थी जबकि वरुण 12वर्ष ,सोनू 10 वर्ष हैं।परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।

# परिवारिक कलह से आजिज युवक ने पेड़ में फांसी का फंदा लगा कर की आत्महत्या

**मऊआइमा के छाता लोकई का पूरा में हुई घटना, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के छाता लोकई का पूरा गांव में एक युवक पारिवारिक कलह से आजिज आ कर घर से दूर नीम के पेड में तार के वैर से फंदा बना कर आत्महत्या कर लिया। सुबह शव परिजनों ने देख तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के छाता लोकई का पूरा गांव निवासी महेंद्र कुमार मिश्रा 31 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार मिश्रा दो भाईयों में बडे भाई राजेंद्र कुमार से छोटा था।बताया गया है कि महेंद्र कुमार ट्रक चलाता था। वह पत्नी बच्चे के होते हुए भी एस सी बिरादरी की लडकी से शादी करके रखा था। जिससे परिजन नाराज हो गए। बताते हैं कि पिता कमलेश कुमार ने अपने छोटे पुत्र महेंद्र कुमार को सम्पत्ति से बेदखल कर दिए।तथा खेती का अनाज वगैरह बंद कर सारे सम्बंध तोड लिए।जिससे महेंद्र कुमार असहाय महसूस करने लगा। बताया गया है कि शनिवार को रात में महेंद्र कुमार से परिवार से बहस ,कहासुनी हुई थी। जिससे अहत होकर महेंद्र कुमार मिश्रा घर से सौ मीटर दूर तालाब के पास नीम के पेड में तार के वैर से फांसी का फंदा बना कर आत्म हत्या कर लिया।रविवार को महेंद्र कुमार का झूलता शव देख कर पत्नी अन्तिमा देवी, चार साल के पुत्र आयूष, एक दुधमुंहे बच्चे को लेकर फूट फूट कर रोने लगी और कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा का कहना है कि शव फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्यवाही होगी।

# लालापुर मनकामेश्वर मंदिर परिसर में साधु की संदिग्ध दशा में मौत

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** लालापुर के मनकामेश्वर धाम मंदिर के नीचे अचेत हाल में मील एक साधु को देख रविवार को हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची लालापुर पुलिस अचेत साधु को इलाज के लिए सीएचसी शंकरगढ़ ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । साधु के पास मिले बैग से निकले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई है । पुलिस ने उसके परिजनों से बात कर घटना की सूचना दी है। लालापुर के मनकामेश्वर धाम में विगत दो महीने पूर्व से आये उक्त साधु की पहचान बैग से मिले आधार कार्ड के अनुसार राजेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी हाउस नंबर 5/6 खसरा नंबर 21 भाग्य विहार मुबारकपुर डबास नार्थ वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई है । एसओ लालापुर अजय कुमार मिश्र के अनुसार परिजनों ने बताया कि उक्त राजेन्द्र कुमार डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से निकले और साधु हो गए थे । उधर साधु राजेन्द्र की मौत को लेकर ग्रामीण अपने अपने तर्क लगा रहे हैं। कोई कह रहा है कि पहाड़ की चट्टान से फिसल कर गिर गए या किसी जहरीले जंतु ने काट लिया । पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम के बाद ही मौत का असल कारण पता चल पाएगा।

## विधायक ने कैबिनेट मंत्री का जन्म दिन मना जीत की बनाई रणनीति

आगामी लोकसभा चुनाव की भरी हुंकार

**घूरपुर।** रविवार के दिन गौहनिया स्थित बारा विधान सभा कार्यालय में बारा विधायक ड्रॉ वाचस्पति ने अपने समर्थकों के साथ अपना दल एस के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का केक काटकर जन्म दिन मना मंगल शुभकामनाएं दी। इस बीच आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार बनाने में अपना दल एस के पार्टी की अहम भूमिका की रानीनिति बना कार्यकताओं और पदाधिकारियो को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौपी। जन्म दिन समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फूल चंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पटेल, संदीप पटेल, विजय कुमार निषाद, अर्पित जयसवाल, कमलेश कुमार पांडेय, दिनेश कुमार प्रजापति, अर्जुन कुशवाहा, उमाशंकर बिंद, दिनेश तिवारी, और अपना दाल यश के सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा की जन पंचायत में रहा लोकसभा चुनाव पर फोकस

अखंड भारत संदेश




**करछना।** समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना के जोन संख्या 4 की जन पंचायत का आयोजन माननीय कांशीराम महाविद्यालय पुतरिहा पनासा करछना प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री पप्पू लाल निषाद ने का कहा अगस्त क्रांति 9 अगस्त से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के आह्वान पर समाजवादी पार्टी के जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारियों तथा कार्यकताओं का आवाहन किया की लोकतंत्र खतरे में है यदि आप समय से जागरूक ना हुए तो वर्तमान भाजपा सरकार देश को जाति व धर्म के नाम पर टुकड़ों में बांट देगी जिसका खामियाजा आम जनमानस भुगतेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महासचिव इंजीनियर जगदीश यादव उपाध्यक्षगण जयशंकर भारती, रणजीत सोनकर, जिला महिला महासचिव गीता पासी, प्रभारी महेंद्र सरोज, कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा, जिला सचिव छोटेलाल शर्मा, डॉ उमेश यादव, मंगला पाल कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा करछना अध्यक्ष ननकेश बाबू तथा संचालन कमलेश पुष्कर जिला सचिव ने किया। वक्ताओं ने जोन सेक्टर व बूथ प्रभारियों को आगाह किया की मतदाता सूची में जो नाम छूट गए हैं उन्हें 30 अगस्त तक ऑनलाइन दर्ज कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा महासचिव प्रदीप निषाद, जोन प्रभारी सीताराम यादव, सूरज यादव, सुनील, मुनेश, जगमोहन मौर्य, श्यामाचरण, मोहन लाल यादव ने अपने गीत के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। सुधीर यादव, डॉ हरिहर यादव डॉक्टर धर्मेंद्र यादव, सूर्य प्रकाश यादव उर्फ बाबा करछना ब्लॉक अध्यक्ष, अमित राही, बबलू, शीतला प्रसाद, ओपी पटेल, डॉ. अनिल यादव, रजनीश कुमार यादव, मानिकचंद बीडीसी सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी को मजबूत बनाने हेतु युवा नेता कमलेश पुष्कर को जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने जिला सचिव नियुक्त किया इसी क्रम में जगमोहन मौर्य को विधानसभा करछना उपाध्यक्ष मनोनीत किया। पार्टी के कार्य कताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।



### मेरी माटी मेरा देश के तहत छात्र छात्राओ को दिलाई शपथ

**मांडा।** मांडा ब्लॉक के अंतर्गत डंडपानपुर के प्राथमिक विद्यालय में रविवार को आजादी का अमृत महोत्सव, मेरी माटी, मेरा देश का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओ ने जमकर भाग लिया। इस बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओ के अभिभावको को हाथ में मिट्टी देकर शपथ दिलाया कि इस समय अमृत काल, अमृत महोत्सव चल रहा है। जो हमें देश की आजादी के लिए किए गए संघर्षों का स्मरण कराता। भारत की स्वतंत्रता का 76 वां वर्षगांठ के मौके पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। 15 अगस्त 2023 को भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में समापन है। कार्यक्रम समापन के बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं के अभिभावक को जलपान करा कर विदाई दी मौके पर सहायक अध्यापक काडेकांत,आशीष कुमार सिंह,शिव कुमार मांझी सूर्या वर्मा, सुनीता कुशवाहा ( ग्राम प्रधान) बरम दीन प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण दास मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने सार्वजनिक रामलीला के प्लेटफार्म निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला मंचन स्थल (कॉटन मिल ग्राउंड) पर रामलीला के सुचारु रुप से मंचन के लिए प्लेटफार्म निर्माण की मांग सार्वजनिक रामलीला समिति के द्वारा वर्षों से की जा रही थी जिसको पूरा करते हुए सांसद प्रयागराज डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने सांसद निधि से 21 लाख रुपया प्रदान किया` प्लेटफार्म निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी जी द्वारा किया गया` शिलान्यास के उपरांत निवासियों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि श्रीरामचरितमानस हमें बताती है कि हम किस तरह से जीवन जिएं कि व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र सबका सर्वांगीण विकास हो` राम हमारे आदर्श हैं और उन्हीं के आदर्शों का निरूपण रामलीला करती है ` उन्होंने सार्वजनिक रामलीला समिति को उनके इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी` समिति के अध्यक्ष राकेश जायसवाल एवं महामंत्री नयन कुशवाहा एवं सभी पदाधिकारियों ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया` अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने सांसद को प्लेटफार्म निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से धनराशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री नयन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दिलीप केशरवानी, पार्षद मयंक यादव, पवन यादव, रणविजय सिंह, नीतू मालवीय, आर के शुक्ला, संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक शुक्ला, हरे कृष्ण तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सिद्धू पांडे, धीरेंद्र यादव, मनोज सिंह, घनश्याम जायसवाल, सुरेश पटेल, उमेश उपाध्याय, मोहम्मद अजहर, अंजुम नाज धर्मराज पटेल आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धा भक्ति से किए गए पूजन अर्चन से कटते हैं सारे कष्ट



**सहसों।** श्रवण मास तथा पुरुषोत्तम मास के पावन महीने में भक्तों द्वारा शिवालयों एवं घरों में शिवजी की विधान से पूजन अर्चन बेल पत्र एवं मंदार पुष्प के साथ जलाभिषेक तथा आदि अभिषेक करने से भक्तों के सभी प्रकार के दुःख दूर होकर सुख शांति प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के देवनहरी गांव निवासी शिव भक्त वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय सपत्नीक एवं सपरिवार रविवार को दरवाजे पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर द्वादशी तिथि को आचार्य विद्वान पंडित ओम प्रकाश शास्त्री के द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार से भगवान शिव की षोडशो प्रकार से पूजन, अर्चन, धूप, दीप करते हुए रुद्राभिषेक कर सभी प्रकार के कष्टों एवं सुख शांति, धन वैभव के लिए प्रार्थना किए। इस अवसर पर पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव द्वारा समुद्र मंथन से निकला हुआ विष का पान करने से उनका पूरा शरीर तप रहा था ऐसा देख समस्त देवी देवताओं ने बेलपत्र के साथ जलाभिषेक करते हुए उनके शरीर के तपन को शीतलता प्रदान किए। उसी समय से रुद्राभिषेक का विधान शिव पूजन में सम्मिलित हुआ। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है जो भी भक्त श्रद्धा भाव से शिवलिंग पर बेलपत्र एवं मंदार पुष्प के साथ जलाभिषेक करता है तथा श्रद्धा भक्ति से किया गया पूजन अर्चन उसे समस्त पापों एवं समस्त कष्टों से मुक्ति मिलते हुए सुख शांति एवं धन वैभव की प्राप्ति होती है।

## खबर संक्षेप

### मैजिक ओर डम्फर में हुई भिड़ंत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंदावा सहसों नेशनल हाईवे पर बम-बम चौराहा के समीप रविवार दोपहर तेज रफ्तार डम्फर ने पीछे से टाइल्स लदे मैजिक में जोरदार टक्कर मारी दी जिससे मैजिक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने चालक को सकुशल मैजिक से बाहर निकाल लिया। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के छोटा बघाड़ा निवासी सुनील कुमार 35 वर्ष शहर से टाइल्स लोड कर सहसों के लिए सप्लाई देने जा रहा था। मैजिक गाड़ी जैसे ही बम बम चौराहा मलावा खुर्द के समीप पहुंचा इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार डम्फर ने मैजिक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें मैजिक चालक बाल बाल बचा। गाड़ी में लदा टाइल्स पुरी रोड पर बिखर गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर चालक को गाड़ी से बाहर निकालकर गाड़ी मालिक को सूचित किया।

# पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, लूट के आभूषण बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार की भोर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से की गई फायरिंग में दो बदमाशों के पैर गोली लगने से गायल होगा। पुलिस ने घायल बदमाश समेत चार लोगो को गिरफ्तार किया है। बदमाश हेतापट्टी बाजार में आभूषण की दुकान में लूटपाट और चौकीदार की हत्या और नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी बताए जा रहे हैं। इनके कब्जे से लूट के आभूषण बरामद किए गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान बदमाशों समेत मदद करने वाले इनके परिवार की महिलाओं भी हिरासत में लिया गया है।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बताया गया है कि थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी में लूट और हत्याकांड के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को भोर में शाहजहांपुर के खूंखार बदमाशों की नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज में पुलिस और एसओजी टीम से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की टीम पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल के साथ ही कुल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से आभूषण की दुकान से लूटे हुए गहने और असलहे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ में एक दिन पहले हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के दौरान अन्य बदमाशों के सुराग लगे थे। सूचना मिली थी कि बदमाश लालगोपालगंज से भोर वाली ट्रेन पकड़ कर लखनऊ की ओर जाने वाले हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चार बदमाशों को दबोच लिया। इनके कब्जे से दो तमंचा, दो खोखा कारतूस, थरवई की हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल सहित लूट की घटना से संबधित माल की बरामदगी की गई। मुठभेड़ में आरोपी धीरेंद्र उर्फ लड्डू एवं कुशलपाल उर्फ कृष्णा के पैर में गोली लगी है।

**थरवई थाना क्षेत्र में हुई लूट हत्या कांड से जुड़ा है मामला**



**गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ प्रयागराज समेत कई जिलों में दर्ज हैं मुकदमें :** पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ के के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त दयाराम एवं नन्हे उर्फ जयराम की निशानदेही पर इनके परिवार की पांच महिलाओ को थाना नवाबगंज इलाके के मनीलाल का ईनारा के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से हत्या सहित लूट की घटना से संबंधित रुपये व सोने चांदी के आभूषण बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में दयाराम पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर, धीरेंद्र उर्फ लड्डू पुत्र कृपाल निवासी ग्राम मिलकिया थाना निगोही शाहजहांपुर, नन्हे उर्फ जयराम पुत्र कृपाल निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही शाहजहांपुर और कुशल पाल उर्फ कृष्णा पुत्र नन्हें सिंह निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही शाहजहांपुर शामिल हैं। दयाराम पर शाहजहांपुर, पीलीभीत, प्रयागराज में कुल 11 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह धीरेंद्र पर एटा, शाहजहांपुर और प्रयागराज में कुल आठ मामले पंजीकृत हैं। नन्हें और कुशपाल पर दो दो मुकदमें पंजीकृत हैं।

**चौकीदार की हत्या कर ज्वेलरी की दुकान में हुई थी लूट :** थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी बाजार संतोष कुमार केसरवानी की दुकान में जमकर लूटपाट की गई थी। दुकानदार संतोष कुमार और उसकी पत्नी आरती देवी तथा भाई अशोक कुमार केसरवानी की जमकर पिटाई भी की गई। घटनास्थल से थोड़ी दूर पर स्थित मार्केट के चौकीदार की हत्या कर दी गई। उसकी पत्नी को भी अधमरा कर दिया गया था। बदमाशों ने चौकीदार की नाबालिग नतिनी के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया था। इस मामले में पुलिस की पांच टीमें बदमाशों की खोजबीन में लगाई गई थीं। साथ ही एसटीएफ की टीम को भी खुलासे के लिए लगा दिया गया था।

## न्यूज झरोखा

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर छात्रों ने की शानदार प्रस्तुति

**कौड़िहार ब्लाक में रसूलपुर चांदी विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक गुरु प्रसाद मौर्य**




**लालगोपालगंज।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने मातृभूमि की रक्षा एवं सुरक्षा करने वाले फौजी एवं बलिदानियों को नमन किया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विशेष तौर पर परिषदीय विद्यालय खोले गए। इसी उपलक्ष्य में रसूलपुर चांदी के प्रधानाध्यापक एवं कोडियार प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण के नेतृत्व में मनमोहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मेरी माटी मेरा देश पर आधारित जीत गए गए। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों के लिए विद्यालय में विशेष भोजन का इंतजाम किया गया था। उपस्थित छात्रों की शानदार प्रस्तुति दी। विधायक ने मातृभूमि की सीमा पर रक्षा करने वाले फौजियों को याद किया। देश की रक्षा करने में अपनी जान गंवाने वाले बलिदानियों की आत्मा से आज भी देश की माटी को महकते बताया है। अंत में विद्यालय के शिक्षकों ने भी मातृभूमि पर अपने विचार व्यक्त किये।

### प्राथमिक विद्यालय चक बबुरा में चल रहा विविध कार्यक्रम




**नैनी।** नैनी भारत सरकार की गाइडलाइन व उत्तर प्रदेश सरकार तथा बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में 9 अगस्त से 16 अगस्त के मध्य आजादी के अमृत महोत्सव समापन अवसर पर 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नैनी एडीए कॉलोनी स्थित 'प्राथमिक विद्यालय चक बबुरा' में भी विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विमलेश तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के अन्य स्टाफ नीरजा गुप्ता, सरस्वती त्रिपाठी, रेखा मिश्रा, प्रतिमा पांडेय आदि के सहयोग से बच्चों की प्रभात फेरी, खेलकूद, निबंध, चित्रकला तथा सांस्कृतिक गतिविधियां लगातार आयोजित हो रही है 'मेरी माटी मेरा देश' के खूब नारे लगाते हुए बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज रविवार के दिन भी समय सारणी के अनुसार दीप प्रज्वलन, चित्रकला, निबंध कविता, तथा अभिभावकों के मध्य हर घर तिरंगा के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। विभाग के निर्देश के क्रम में बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। प्रधानाध्यापक विमलेश तिवारी ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम 16 अगस्त तक लगातार चलता रहेगा।

# प्रयागराज में हवा में 10 मिनट चक्कर लगाती रही प्लाइट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज एयरपोर्ट पर अग्निशमन यंत्रों में खराबी के चलते नही मिली लैंडिंग**



**प्रयागराज।** दिल्ली से प्रयागराज आने वाली प्लाइट को एयरपोर्ट पर लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। उसे वाराणसी बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना कर दिया गया। करीब 10 मिनट तक पलाइट हवा में उड़ती रही लेकिन एयर ट्रफिक कंट्रोल की ओर से अनुमति न मिलने के चलते पायलट उसे लेकर वाराणसी पहुच गया। वहां यात्रियों को सुरक्षित बैठाया गया। प्रयागराज एयरपोर्ट पर खराबी दूर होने के बाद फिर से उस फ्लाइट को प्रयागराज एयरपोर्ट पर लाया गया। कुछ देर के लिए तो यात्री भी सहम गए थे, लेकिन अंदर के स्टॉफ ने सही जानकारी दी तो यात्रियों ने राहत की सांस ली। इसी तरह कई अन्य फ्लाइट इससे प्रभावित रही। शनिवार को मुंबई से प्रयागराज आने वाली फ्लाइट तैयार थी, लेकिन प्रयागराज एयरपोर्ट से जब मैसेज मिला कि अभी यहां तकनीकी खराबी है तो उस फ्लाइट को मुंबई एयरपोर्ट पर ही रोक दी गई। शाम को जब यहां से रनवे क्लीयरेंस की सूचना मिली तो मुंबई वाली फ्लाइट प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंची। जब तक तकनीकी खराबी दूर नहीं हुई तब तक के लिए प्रयागराज एयरपोर्ट पर सिर्फ एटीआर श्रेणी के विमानों को उतरने की अनुमति दी गई थी। सभी एयरबस की लैंडिंग भी रोक दी गई थी। एयरपोर्ट के निदेशक आरआर पांडेय ने बताया कि जो दिक्कतें थी उसे सही करा दिया गया था। अब सभी फ्लाइट समय से लैंड कर रही हैं।

# साबिर भी 5 लाख का इनामी भगोड़ा घोषित

**शाइस्ता, गुड्डू मुस्लिम के बाद उसके घर पर भी कुकी का नोटिस चस्पा, उमेश पाल शूटआउट में चल रहा फरार**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भाजपा नेता व एडवोकिट उमेश पाल की हत्या में फरार चल रहा 5 लाख का इनामी शूटर मोहम्मद साबिर भी अब भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन और बमबाज गुड्डू मुस्लिम पहले ही भगोड़ा घोषित कर दिए गए हैं। शनिवार की शाम मरियाडीह स्थित साबिर के घर पर धूमनगंज पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। अतीक गैंग के शूटर साबिर के मोहल्ले में पुलिस ने डुगडुगी पिटवाकर मुनादी भी करवाई। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश मौर्या ने कहा कि उमेश पाल हत्याकांड में शबिर 5 लाख रुपये का इनामी है। उसको पनाह देने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। उमेश पाल की 24 फरवरी 2023 को दिनदहाड़े उसके घर के बाहर गोली और बम मारकर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज में साबिर रायफल से गोलियां बरसाते दिखा था। हत्या से कुछ दिन पहले वह शाइस्ता परवीन के साथ भी दिखा था। हत्या के बाद से अतीक गैंग के शूटर मोहम्मद साबिर और गुड्डू मुस्लिम का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस, एसटीएफ और सारा तंत्र लगने के बाद भी ये



शातिर अभी तक पकड़ से दूर हैं। इनका कोई सुराग नहीं लग सका है। अब गुडुडू मुस्लिम और साबिर पर पांच पांच लाख रुपये का इनाम है जबकि शाइस्ता परवीन पर 50 हजार रुपये का इनाम है।

# हर घर तिरंगा अभियान रैली करैली में निकाली गयी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को सीआरपीएफ 95 बटालियन करेली प्रयागराज,थाना करेली एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में सहारा पब्लिक स्कूल के बच्चो के सहयोग से हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन सुबह 9.30 बजे रैली के मध्य से करेली 60 फीट रोड से निकाला गया और आम जनमानस को आजादी का अमृत महोत्सव मानने एवं घर तिरंगा अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए जागरूक किया गया। रैली 95 बटालियन करेली से होते हुए मस्तान मार्केट,बैंक ऑफ बड़ौदा से होते हुए रिद्धि सिद्धी चौराहे से थाना करेली पर समाप्त हुई। सीआरपीएफ 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार के निदेर्शा अनुसार,असिस्टेंट कमांडेंट एसएम दीक्षित के नेतृत्व में ये रैली का आयोजन किया गया जिसमे थाना करेली के इंस्पेक्टर रमाश्रे यादव, प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबंधक फरहान आलम मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्य रूप से एसएम जैदी पूर्व सदस्य सीडब्ल्यूसी, थाना करेली की समस्त टीम, सहारा पब्लिक स्कूल के मैनेजर आकिब,अमित कुमार, प्रमोद परिहार इंस्पेक्टर सीआरपीएफ, रंजय सिंह, शेख इमरान खान, अर्शी खान, हुसैन अंसारी, अंजली, विद्या,शिवम दुआ, हाशिम फरीदी, शानू चौहान, सहायक उपनिरक्षक सीआरपीएफ हरगेंद्र कुमार, प्रतीक तिवारी, थाना करेली के एसआई गिरीश राय, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र यादव एवं समस्त थाना करेली की टीम एवं सीआरपीएफ 95 बटालियन की समस्त टीम मौजूद रही। ये जानकारी प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के मीडिया प्रभारी गुफरान खान ने दी।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकालकर बस्ती में किया झंडा वितरण

**प्रयागराज।** स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में सदियापुर बस्ती में हर घर पर तिरंगा लगे इस उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने बस्ती में रैली निकालकर घर घर जाकर झंडे बांटे एवम बच्चों को भी झंडे देकर उन्हें अपने घर में तिरंगा लगाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा कनौजिया, शक्ति केंद्र संयोजक अरुण निषाद, अध्यक्ष सुभाष तिवारी, उपाध्यक्ष मोनिका अरोरा, मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ, ज्योति, कंचन मौर्य समेत अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संस्था के प्रबंधक दीप द्विवेदी ने बताया प्रधानमंत्री जी के घर घर तिरंगा अभियान में सहयोग के लिए संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस तक घरों में झंडे बांटे जाएंगे एवम हर घर पर तिरंगा दिखे इस उद्देश्य में सहयोग करेंगे।



### ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज द्वारा युवाओं के लिए -20 कार्यक्रम का आयोजन



**नैनी।** नैनी धनुआ में ब्रह्माकुमारीज प्रयागराज द्वारा युवाओं के लिए -20 कार्यक्रम का आयोजन, सद्भावना साधना केंद्र,धनुआ नैनी में किया गया। इस अवसर पर आसपास के विद्यालयों से बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम जगदंबा, नगर निगम के अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव, सर्वेश्वरी महाविद्यालय की प्रबंधक बीना सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी संजीवनी बहन, बीके प्रियंवदा बहन ने कराई। नन्हे फरिश्ते ने नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया, दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने कहा शरीर सबका अलग-अलग है और शरीर के पिता भी सबके अलग-अलग है परन्तु हम सभी आत्माओं के पिता एक हैं वह कल्याणकारी हैं, दुख हर्ता सुख कर्ता हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई में बच्चों के लिए राजयोग मेडिटेशन बहुत मददगार है, राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ती है, मनोबल का विकास होता है और तनाव कम रहता है। प्रयागराज में 15 से अधिक ब्रम्हाकुमारी के सेंटर है जहां कि निशुल्क राजयोग मेडिटेशन सिखाया जाता है। मुख्य अतिथि एडीएम जगदंबा ने कहा ब्रह्माकुमारीज की विचारधारा संसार में शांति का संदेश दे रही है तथा भारतीय समाज में मूल्यों की पुनर्स्थापना कर रही है।डॉ बीना सिंह ने कहा ब्रह्मकुमारीज में आकर सुख का अनुभव किया है। यहां का राखी मनाने का तरीका मुझे बहुत अच्छा लगा, बहनें निस्वार्थ भाव से सभी को राखी बांधती हैं और सौगात के रूप में बुराइयों का दान मांगती हैं।बीके श्रद्धा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन सिखाया और सभी को शांति की अनुभूति कराई और उन्होंने कहा व्यक्ति के संग में रहने से उसके संग का रंग का प्रभाव पड़ता है जब हम परमात्मा से जूड़ते हैं तो सुख शांति खुशी की प्राप्ति होती है बीके शैलजा दीदी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया, बीके श्वेता बीके पूजा ने अतिथियों को सम्मानित किया।

# यूपी बाल बैडमिंटन संघ का चुनाव संपन्न

अखंड भारत संदेश

**अयोध्या के परमेंद्र सिंह को मिली राज्य संघ में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी**




**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ का चुनाव आज प्रयागराज के नैनी स्थित अपेक्स इंस्टीट्यूट में विभिन्न जिलों के मतदाताओं के बीच विधिवत संपन्न हुआ चुनाव में निर्विरोध रूप से योगराज मिश्रा को पुनः अध्यक्ष व महासचिव के पद पर लगातार तीसरी बार कौशल दीक्षित को चुना गया आम सभा की राय के मुताबिक उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के मुख्य संरक्षक के तौर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय जी को नामित किया गया उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के चुनाव में भारतीय बाल बैडमिंटन संघ के पर्यवेक्षक के तौर के नरेश चंद्राकर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक मोहम्मद तौहीद व चुनाव अधिकारी संजय उपाध्याय की देखरेख में संपन्न हुआ उत्तर प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ में पहली बार अयोध्या व अंबेडकर नगर को राज्य कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला अयोध्या से सचिव परमेंद्र सिंह को राज्य संघ में उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया जबकि अंबेडकर नगर के सचिव मृत्युंजय सिंह को राज्य की कार्यकारिणी का सदस्य चयनित किया गया उत्तर प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव कौशल दीक्षित ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बॉल बैडमिंटन खेल का विस्तार काफी तेजी के साथ हो रहा है खिलाड़ियों के लिए इसमें नौकरी की अपार संभावनाएं हैं यह खेल भारतीय रेलवे के साथ ही अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं विभिन्न सुरक्षा बलों में इस खेल के खिलाड़ी को नियुक्ति प्राप्त करने का अवसर है उत्तर प्रदेश में जिस तरह से बाल बैडमिंटन खेल विकसित हो रहा है उससे उम्मीद है विगत एक दो वर्षों में हमारे राज्य के तमाम महिला व राज्य पुरुष खिलाड़ी विभिन्न संस्थाओं में नियुक्ति प्राप्त कर इस खेल को राज्य में और आगे बढ़ाने के प्रति अग्रसर होंगे उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष योगराज मिश्र ने उत्तर प्रदेश संघ की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि अब राज्य में इस खेल का विस्तार और तेजी के साथ होगा हमारे विभिन्न जिलों के युवा साथी जिस कर्मठता के साथ अपने अपने कार्यों के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं उससे निश्चित तौर पर राज्य में यह खेल विकसित होने की श्रेणी में आएगा उत्तर प्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ के नवनियुक्त संयुक्त सचिव विनोद सिंह ने इस अवसर पर वाराणसी में राज्य सीनियर पुरुष व महिला बाल बैडमिंटन चैंपियनशिप के आयोजन अक्टूबर नवंबर माह में करने की घोषणा की इसका सदन ने हर्ष ध्वनि से समर्थन किया राज्य बाल बैडमिंटन संघ की नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार से है मुख्य संरक्षक- डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय, अध्यक्ष -योगराज मिश्रा उपाध्यक्ष -डीके मिश्रा ,विनय सिंह रजत दिक्षित, परमेंद्र सिंह महासचिव-कौशल कुमार दीक्षित, संयुक्त सचिव-बीएन दीक्षित विनोद सिंह, पंकज यादव, सीमा यादव, वैभव दिक्षित, कोषाध्यक्ष-संतोष उपाध्याय, मीडिया प्रभारी-पूनम चौरसिया, कार्यकारिणी सदस्य-अमनदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुमित सिंह शैलेश कुमार, महिमा गौतम।

### श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य स्वच्छता अभियान कार्यक्रम अधिकारी राजेश सिंह राठौर के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में विश्वकर्मा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने आम जनमानस से मंदिरों एवं गंगा तटों पर स्वच्छता रखने हेतु अपील की। संस्थाध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि हम अकेले कब तक स्वच्छता अभियान करते रहेंगे आम जनमानस को भी जागरूक होना पड़ेगा, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर एवं धार्मिक स्थानो पर स्वच्छता बनी रहे। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी,सुनील कुशवाहा, शुभेंदु घोष,ऋषि दीक्षित,डां एस.बी.यादव,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा,आत्म प्रकाश यादव, राकेश मिश्रा, प्रवीण तिवारी,धीरज राजवानी, दीपक सिंह, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, गौरव यादव, आर्यन यादव,शनि यादव, कुंवर अलख प्रताप सिंह, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी, अनन्या चौरसिया, डां प्रमोद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत लखनपुर में वर्ष 2023-24 में मनरेगा/राज्य वित्त/5वां वित्त योजना अन्तर्गत प्रस्तावित निम्न कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 14.08.2023 से 29.08.2023 को अपराह्न 3 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 30.08.2023 को दोपहर 12 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का का नाम | अनुमानि लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लखनपुर के गौशाला में भूसा घर का निर्माण | 6.11 लाख | 500रू. | 1 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत लखनपुर के गौवंश आश्रय स्थल में अतिरिक्त सेड का निर्माण | 9.00 लाख | 500रू. | 1 माह |

**रामजतन**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लखनपुर
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

**राम शिरोमणि तिवारी**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत लखनपुर
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

# बच्चे शिक्षित होंगे तभी जाकर हमारा देश एक विकसित देश बनेगाः सांसद

## मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत निकाली गयी प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी-मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत संयुक्त रूप से राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड से कम्पनी गार्डेन पार्क (शहीद उद्यान) तक प्रभात फेरी निकाली गयी।

जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा प्रभात फेरी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया एवं जिलाधिकारी स्वयं प्रभात फेरी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। प्रभात फेरी कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह सहित विन्ध्याचल सिंह, मो0 अनीस व समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा झण्डा, पोस्टर-बैनर के साथ वन्दे मातरम्, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा-झण्डा ऊचा रहे हमारा, जय हिन्द आदि नारे लगाते हुये कम्पनी गार्डेन पहुँचे जहां पर रैली का समापन किया गया। उसके उपरान्त आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी-मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के



दीप जलाकर उद्घाटन करते सांसद, विधायक व नपाध्यक्ष।





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्या, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मानधाता, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, के0जी0बी0वी0 मंगरौरा एवं मानधाता, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज, साकेत गर्ल्स इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय बनवारपुर गौरा, प्राथमिक विद्यालय कोनी मंगरौरा, प्राथमिक विद्यालय बलीपुर नगर क्षेत्र, राजकीय इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत पर आधारित मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुये कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश का आजाद कराया है जिससे आने वाली पीढ़ी स्वतंत्र रूप से रह सके। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में देश की अर्थव्यवस्था 12वें नम्बर पर थी लेकिन जब से प्रधानमंत्री जी ने देश को सम्भाला है तब से देश की अर्थव्यवस्था 5वें नम्बर पर है और उनका सपना है कि देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे नम्बर पर लायेगें। उन्होने कहा कि बच्चे शिक्षित होगें तभी जाकर हमारा देश एक विकसित देश बनेगा, इसलिये सभी बच्चे कठिन परिश्रम कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। सांसद जी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने देश के अमर शहीदों को यादकर उन्हें नमन किया और अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सांसद संगम लाल गुप्ता जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसी प्रकार अन्य अतिथियों को भी अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आये हुये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं छात्र-छात्रायें, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत किया गया पौधारोपण, पंचप्रण का लिया गया संकल्प



नव प्रभात एकेडमी में पौधरोपण के दौरान शपथ लेते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तहसील क्षेत्र के भरोखन स्थित नव प्रभात एकेडमी तथा केसरी नंदन धाम भरोखन पर नेहरू युवा केंद्र संगठन प्रतापगढ़ के निर्देशन में वृहद वृक्षारोपण किया गया और शहीदों को याद करते हुए पंचप्रण का संकल्प भी लिया गया। नेहरू युवा केंद्र संगठन प्रतापगढ़ के निदेर्शानुसार ब्लॉक आसपुर देवसरा ब्लाक के कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भरोखन स्थित नव प्रभात एकेडमी में मौजूद लोगों की उपस्थिति में सबसे पहले देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को याद किया गया।

फिर पंचप्राण का संकल्प लिया गया उसके बाद वृहद वृक्षारोपण करके पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया गया। लोगों को संबोधित करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह देशव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजित किया गया जो कि 31 अगस्त तक अनवरत चलता रहेगा उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के तहत लोगों को जहां पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है वहीं वृक्षारोपण करके पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा रहा है और वीर सपूतों के बलिदान को याद किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा के सुपरवाइजर अजीत गुप्ता, निलेश सिंह, अनुज सिंह ,उमेश सिंह, मनोज यादव विनय यादव, सक्षम यादव सचिन यादव गया प्रसाद प्रजापति सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।



मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम मे शामिल बच्चे व अभिभावक।

## घर घर तिरंगा फहराने के लिए किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत मुरस्सापुर के प्राथमिक विद्यालय सोनामऊ मे रविवार को प्रधानाध्यापक संजय शुक्ला व ग्राम प्रधान पति सुरेश कुमार यादव ने स्कूली बच्चो के साथ स्कूल परिसर में आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव मे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम मे भाग लिया जिसमे बच्चो के अभिभावक भी मौजूद रहे जिसमे 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा फहराने के लिये बच्चो के अभिभावको को प्रेरित करते हुए इसके महत्व के बारे मे बताया गया।इस मौके पर सहायक अध्यापक चंद्रप्रकाश, प्रियंका शुक्ला, शिक्षामित्र सुनीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

## भागवत कथा सुनने से लोगों का होता है कल्याणः आचार्य कृष्ण व्यास

### कथा में जुटने लगी है भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास जी ने श्रीमद् भागवत के महात्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा सुनने से मानव का कल्याण होता है।

उन्होंने कहा कि लोगों की परेशानियां समाप्त होती है। कथा के पूर्व देवी देवताओं के आवाहन से क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया है। उन्होंने पहले दिन धुंधकारी की मुक्ति, परीक्षित के जन्म व प्रश्न पर विस्तृत चर्चा की। कथावाचक के सहयोग में राम प्रकाश पाण्डेय शास्त्री जी, पंडित विनोद कुमार पाण्डेय शास्त्री तथा प्रमुख गीतकार रविशंकर मिश्र भी



कथा कहते आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास।

रहे। इस संगीतमयी भागवत कथा में सुनने के लिये क्षेत्र के पढे-लिखे गणमान्य लोग भी आ रहे हैं। पहले दिन तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी के अलावा डा0 संजय मिश्रा, डा0 अनुराग मिश्रा, अशोक कुमार मिश्र के अलावा अनेक अधिवक्ता व पत्रकार मौजूद रहे। कथा के मुख्य यजमान भूतपूर्व स्टेशन मास्टर स्व0 ओम प्रकाश मिश्र की पत्नी आशा मिश्रा का पूरा परिवार व्यवस्था में जुटा रहा।

## पुलिस ने बाइकर्स गैंग को दो चोरी की बाइकों के साथ दबोचा

### अपराध नियंत्रण अभियान में लालगंज पुलिस की कामयाबी का सिलसिला जारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी संतपाल अंतिल के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर जिले की आईएसओं कोतवाली का अपराधियों को दबोचने में सफलता का मिशन रविवार को भी दिखा। आईपीएस प्रभार के थाने में सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन के निर्देशन में पुलिस ने बाइक चोरी की गैग का खुलासा करने में कामयाबी ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की दो बाइक बरामद करते हुए इन्हें धर दबोचा। बाइक चोरी को लेकर पकड़ें गये चार आरोपियों ने बाइकें चोरी करने के बाद उनके नम्बर प्लेट बदल दिये थे। पकड़ें गये आरोपी लीलापुर थाने पूरे वीरबल निवासी मो0 युनुस के पुत्र मोहम्मद कादिर तथा इसी थाने के कांसापुर निवासी रामप्रताप सिंह के पुत्र सौरभ सिंह व लीलापुर थाने के ही हदिराही निवासी फूलचन्द्र के पुत्र कैलाश एवं लीलापुर थाना के कोठार मगोल निवासी नन्हे लाल सरोज के पुत्र कुलदीप के पास से चोरी की बाइकें बरामद की। एएसपी अमृत जैन के निर्देश पर फोर्स के साथ गस्त पर निकले कोतवाली के दरोगा अनिश कुमार यादव ने आरोपियों को रविवार को सुबह लगभग सवां नौ बजे धधुआगाजन के पास से दौड़ाकर पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा जालसाजी समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। रविवार दोपहर बाद पुलिस ने चारो आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस की इस कामयाबी से जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा तथा लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर ने मातहतों की हौसला आफजाई की है।

### हाइवे आलापुर बाईपास की मिट्टी खनन से ग्रामीणों में आक्रोश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे का नवाबगंज थाना क्षेत्र के झम्मानगर से पेट्रोल पम्प तक बाई पास बनाया जा रहा है जिसमे छभ 31 के अधिकारी कर्मचारी काम कर रहे है जिसमे थाना क्षेत्र के मैकू का पुरवा गांव के पास जेसीबी मशीन से परमीशन की अनदेखी करके मानक के विपरीत मिट्टी की खुदाई का कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणो मे आक्रोश पनप रहा है। आक्रोशित ग्रामीणो का कहना है कि मिट्टी की खुदाई की गहराई अधिक कर रहे है जिससे बरसात मे ग्रामीणो को दिक्कत उठानी पड़ सकती है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कुंडा का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## एक वर्ष में भी पूर्ण नहीं हुए अमृत सरोवर

### सरोवरों पर ही 75वॉ स्वतंत्रता दिवस मानने का था आदेश

### सरकार की मंशा पर खरे नहीं उतर रहे अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिकारियो की लापरवाही के चलते एक वर्ष में भी अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। अधिकांश सरोवर अधूरे पड़े हुए है। जबकि शासन पिछले वर्ष ही स्वतंत्रता दिवस के पहले सभी सरोवरों को पूर्ण करने का आदेश दिया था।

स्थानीय विकास खंड में शासन की सख्ती का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। एक वर्ष में भी अमृत सरोवर अधूरे पड़े हुए है।जबकि शासन का आदेश था कि 15 अगस्त 2022 का आजादी का 75वॉ अमृत महोत्सव हर गांव में बने सरोवर के उद्घाटन से ही हो। लेकिन विकास खंड के सभी अधिकारी अधूरे सरोवर पर ही स्वतंत्रता दिवस को मनाकर सरकार के आदेशों को दर किनार कर दिया था। लापरवाही की हद तो तब पार कर दी जब एक वर्ष में भी अधिकांश सरोवर अभी तक अधूरे पड़े हुए है।वही शासन द्वारा अमृत सरोवर का मुख्य उद्देश्य है की देश में तेजी से घट रहे जल स्तर को बनाए रखना।इसके लिए सरकार ने 24 अप्रैल 2022 को इस योजना की शुरूवात की। 15 अगस्त 2022 के पहले ही इसे पूर्ण करने का लक्ष्य था। आखिर इस तरह की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा पर जिम्मेदार पानी फेर रहे है। इस संबंध में एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने बताया की अनुमानित अभी तक आठ सरोवर पूर्ण है।

## शिव आराधना में उमड़ें श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के हरिहर मन्दिरम् में पुरूषोत्तम माह को लेकर चैबीस घण्टे का रविवार को सामूहिक ओम नमः शिवाय जाप हुआ। श्रद्धालुओं ने मंदिर मे भगवान शिव का अभिषेक कर उनकी भव्य झांकी का श्रृगार किया। आचार्य शम्भू नाथ शुक्ल के वैदिक मंत्रोंच्चारण के मध्य गौरा पार्वती का श्रद्वालुओं ने पूजन अर्चन किया। शिव मंत्र जाप को लेकर सह संयोजिका अमृता शुक्ला की अगुवाई में महिला श्रद्वालुओं ने भोले नाथ का भजन कीर्तन भी किया। संयोजक पं0 रामचन्द्र शुक्ल ने धार्मिक अनुष्ठान का संयोजन किया। इस मौके पर पं0 अशोक तिवारी, अर्चना शुक्ला, जमुना प्रसाद तिवारी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल आदि रहे।

## बच्चा बैंक के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली, बांटा झंडा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की अगुवाई में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने रविवार को तिरंगा रैली निकाली। भंगवा स्थित फ्री स्टडी सेंटर से गाजे बाजे के साथ निकली रैली मालगोदाम, बलीपुर, कचहरी, कंपनी बाग, स्टेडियम होते भंगवा पहुंची। इसके पूर्व रैली को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के सचिव अश्विनी केसरवानी, शरद केसरवानी, संजीव आहूजा, राज कुमार और शनि सरोज ने छात्र, छात्राओं और अभिभावक को देश के लिए कुर्बान हुए वीरों की वीर गाथा सुनाई। झंडा वितरित किया।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी समेत तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी रामलाल मौर्य की पत्नी आशा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जुलाई को रात्रि नौ बजे कैथौला बाजार के रामऔतार के पुत्र रामलखन तथा रामलखन की पत्नी ममता व रामलखन के पुत्रगण सोनू एवं आकाश द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की गयी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए घरेलू सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। शोर शराबा सुन आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी रामलखन समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## फरार्टेदार अग्रेंजी सिखा पाये या नहीं गुरूजी, मूल स्कूल में हो सकती है वापसी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पांच वर्ष पहले तीन चरणों मे परिषदीय स्कूलों को इंग्लिश मीडियम के स्कूलों में बदला गया था। कान्वेंट स्कूलों के पढ़े-लिखे और फरार्टेदार अंग्रेजी बोलने वाले शिक्षकों को उस समय लिखित व मौखिक साक्षात्कार लेकर चयनित किया गया था लेकिन इन स्कूलों के लिए कोई ठोस नीति नही बनी।

अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक स्कूलों में कक्षा पाँच तक पढ़ाई कर आगे उच्च प्राथमिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई भी वे इसी माध्यम से करें, इसकी व्यवस्था नही की गई। स्कूल आस-पास न होकर बहुत दूर-दूर होने के कारण अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालयों से पढ़कर निकले छात्र आगे हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने को मजबूर है और कई अंग्रेजी माध्यम के उच्च प्राथमिक स्कूलों में हिंदी माध्यम से पढ़ाई करके आये विद्यार्थी भी प्रवेश ले रहे है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की माने तो मातृ भाषा पर विशेष जोर दिया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के यह आदेश कि प्रायमरी स्कूलों में अब हिंदी माध्यम से पढ़ाई होगी को लेकर अब ऐसे शिक्षको के सामने समस्या आ गयी जिन्होंने अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में मनचाही पोसिं्टग ले बैठे थे। दूर-दराज के स्कूलों में बैठे शिक्षक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बहाने अपने घरों के पास पहुंच गए थे। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय से जारी आदेश पर गौर करे तो अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में जिन शिक्षको की तैनाती की गई थी वह स्थायी तौर पर नही बल्कि उन्हें अंग्रेजी बिषय संचालन के लिए की गई थी। बीएसए द्वारा जारी आदेश में उन्हें नियमित तैनाती दी ही नही गयी थी ऐसे में उन शिक्षको में हड़कंप का माहौल साफ-साफ दिखाई दे रहा है। वही पहले से तैनात हिंदी माध्यम के शिक्षको की उसी विद्यालय में तबादले की आस पुनः से जग गयी।

## आज से दो दिवसीय दौरे पर आयेगे प्रमोद तिवारी व विधायक मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधान मडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार को रामपुर खास दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। उपनेता प्रमोद तिवारी शाम चार बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। वही विधायक आराधना मिश्रा मोना दिन में साढ़ें बारह से पौने तीन बजे तक लालगंज स्थिति कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना अगले दिन मंगलवार को प्रातः दस बजे संग्रामगढ़ इंटर मीडिएट कालेज में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने यहां जारी विज्ञप्ति में दी।

## दुर्घटना में होमगार्ड समेत दो घायल, एक रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक अनियंत्रित हो जाने से दुर्घटना में होमगार्ड समेत दो लोग चुटहिल हो गये। लालगंज के पूरे नोती निवासी सुनील तिवारी पुत्र गिरिजाशंकर सोमवार को लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे के वर्मा नगर तिराहे पर अपनी बाइक लेकर खड़े थे। इस बीच रानीगंज कैथौला की ओर से जेवई निवासी रामसजीवन के पुत्र कमलेश चन्द्र तिवारी बाइक से लालगंज कोतवाली ड्ढूटी करने आ रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होने से सुनील व कमलेश दुर्घटना में घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां प्रारम्भिक इलाज के बाद कमलेश (55) को गम्भीर दशा में प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। कमलेश लालगंज कोतवाली में होमगार्ड तैनात है। वही चुटहिल सुनील तिवारी (40) का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी बताया गया।

## तीन नामजद के साथ दो अज्ञात खिलाफ हत्या के प्रयास व दलित उत्पीड़न का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास व दलित उत्पीड़न समेत कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली पूरे वाचन लकुरी निवासी वीरेन्द्र सरोज की पत्नी अनीता ने दी गयी तहरीर में कहा है कि दस अगस्त को दिन में साढ़े दस बजे विपक्षी ननकू दुबे का पुरवा लकुरी निवासी राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के पुत्र संदीप तथा अयोध्या के पुत्र सूरज व विनोद द्विवेदी दो अज्ञात लोगों के साथ उसके दरवाजे पर हमलावर हो उठे। विपक्षी जाति सूचक गालियां देते हुए उसके पति को अपमानित करने लगे। विरोध करने पर विपक्षियों ने पीड़िता के पति के ऊपर लाठी डंडे व लोहे की राड से हमला कर दिया। हमलें में घायल को सिर पर गम्भीर चोटे आ गयी और वह बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। जांच के दौरान घायल का हाथ व पैर टूटा पाया गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी । पुलिस ने कार्यवाही नही की तो उसने सीओ से मिलकर आप बीती सुनाई। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर शनिवार की रात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया।

## खबर संक्षेप

### सीओ ने अझुवा में किया पैदल गस्त

**अझुवा कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी पुलिस टीम के साथ कस्बा अझुवा अंतर्गत फुटमार्च किया गया नगर क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों को चेक किया व्यापारी बंधुओं और जनता से संवाद कर उन्हे सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

### चायल सीओ ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी पुलिस बल के साथ कस्बा चायल अंतर्गत पैदल गस्त किया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों को पुलिस टीम द्वारा चेक किया गया। क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा पैदल गश्त के दौरान व्यापारी बंधुओं और जनता से संवाद कर उन्हे सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सड़क पर खड़े पानी टैंकर से टकराए बाइक सवार दो की दर्दनाक मौत

## हादसे की जानकारी पर मौके पर लगी परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़, मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो लोगों के शव कों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल कालाकांकर रोड के गरई गांव के पास सड़क पर खड़े पानी टैंकर से बाइक सवार दो युवक टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों सड़क पर लहू लुहान होकर सड़क पर गिर पड़े और तड़प तड़प कर दोनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है दो युवकों की एक साथ मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जैसे ही हादसे में दो युवकों की मौत की जानकारी उनके घर परिवार तक पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते ग्रामीणों सहित परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के निंदूरा गांव निवासी शिवचरण उम्र 18 वर्ष पुत्र राजकुमार अपने साथ बाइक में सूरज उम्र 10 वर्ष पुत्र वीरेंद्र को लेकर रविवार की दोपहर सिराथू जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार गुरुकुल कालाकांकर रोड पर गरई गांव के पास पहुंचे सड़क पर खड़े नगर पंचायत के पानी के टैंकर से बाइक सवार टकरा गए हैं टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े दोनों लोगों की तड़प तड़प कर मौके पर मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों के साथ परिवार के लोग घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंच गए बताया जाता है कि शिवचरण की मां का निधन पहले हो चुका है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर सैनी कोतवाली पहुंची पुलिस ने दोनों लोगो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नगर पंचायत के टैंकर चालक की लापरवाही बनी 2 मौत का कारण

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली क्षेत्र के कालाकाकर रोड पर सड़क पर खड़े नगर पंचायत सिराथू के पानी के टैंकर से टकराकर बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है यदि नगर पंचायत के टैंकर चालक ने सड़क पर पानी का टैंकर ना खड़ा किया होता तो 2 लोगों की दर्दनाक मौत ना होती मामले में अभी तक टैंकर चालक की गिरफ्तारी कोतवाली पुलिस ने नहीं की है दोषी चालक को बचाने की सियासत शुरू है।

## न्यूज झरोखा

### ससुराल से घर जा रहे बाइक सवार दंपत्ति बच्चो सहित हुए घायल

#### ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को भेजा अस्पताल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार के मजरे मेडीपुर के पास पल्सर सवार ने स्पेलेंडर सवार दंपत्ति को साइड मार कर फरार हो गया जिससे बाइक सवार दंपत्ति और बच्चे घायल हो गए, ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को सिराथू अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हरिवंश रैदास उम्र 30 वर्ष पुत्र जगत पाल रैदास निवासी खखरेरू अपनी पत्नी राधा और 2 बच्चो के साथ ससुराल लोंहदा गडरिया पुरवा से अपने घर खखरेरू जा रहा था कनवार के मजरे मेड़ी पुर के पास अज्ञात तेज रफ्तार पल्सर सवार ने साइड टक्कर मार दिया जिससे दंपत्ति बच्चो सहित सड़क पर गिर गए हरिवंश का एक पैर टूट गया महिला राधा भी घायल हो गई एक बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई दुर्घटना से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को सिराथू सीएचसी भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ में मनाया गया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम



**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरगढ़ में रविवार को मेरा माटी मेरा देश के तहत बड़ी धूमधाम से स्कूली बच्चों संग कार्यक्रम मनाया गया है शेरगढ़ के स्कूली बच्चे हाथ में झंडा लेकर प्रभात फेरी रैली में शामिल हुए और मेरी माटी मेरा देश का नारा लगाते रहे मेरी माटी मेरा देश शहीदों के नाम पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कहा कि भारत देश को विकसित देश बनाएंगे गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेकेंगे देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्य बध्द रहेंगे नागरिक के कर्तव्य निभाएंगे देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे भारत को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करेंगे इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने स्कूली बच्चों को देश की आजादी में शहीद हुए वीरो की वीर गाथाएं बताई

### यातायात पुलिस ने किया 45 वाहनों का ई-चालान



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी** यातायात निदेशालय द्वारा चल रही वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में यातायात पुलिस ने व्यापक पैमाने पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया है सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बेनीराम कटरा चौराहा और पिपरी थाना क्षेत्र में 13 अगस्त को यातायात प्रभारी राकेश कुमार चौरसिया और यातायात उपनिरीक्षक कमलेश पाण्डेय ने पुलिस टीम के साथ साधन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिसमे 45 वाहन का ईचालान किया गया हेलमेट ना लगाने पर 7 चालको का चालान सीट बेल्ट व डीएल 3 सवारी नंबर प्लेटो में गड़बड़ी होने पर वाहनों का चालान यातायात पुलिस टीम द्वारा किया गया है। व्यापक पैमाने पर वाहनों की चेकिंग के चलते वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा

### विभिन्न थाना पुलिस ने किया क्षेत्र में पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोखराज थाना पुलिस सैनी कोतवाली पुलिस महेवाघाट थाना पुलिस चरवा थाना पुलिस करारी थाना पुलिस पिपरी थाना पुलिस सराय अकिल थाना पुलिस सहित विभिन्न थाना पुलिस ने पुलिस टीम के साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गस्त के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति वाहनों को चेक किया।

### 19 ब्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को साधारण मारपीट व शांति भंग करने में मंझनपुर करारी पश्चिम शरीरा सराय अकिल कोखराज सैनी कड़ा धाम थाना पुलिस ने 19 ब्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया और संबंधित मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रस्तुत किया है।

**दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त राम सिंह पुत्र मंगला प्रसाद निवासी खोजवा पुर को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# शहीद रामराज यादव को नमन: लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाए

## मंझनपुर सीओ ने शहीद के बुजुर्ग माता व भाई को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**महेवाघाट कौशाम्बी।** आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी-मेरा देश के तहत रविवार को इशाकपुर पथरा गांव में वसुधा वंदन वीरों का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन इशाकपुर पथरा स्थित शहीद रामराज यादव की स्मारक पर किया गया इस मौके पर पुलिस ने शहीद को नमन किया शहीद स्थल पर पुलिस बैंड की धुन बजाकर शहीद को याद किया गया ?साथ ही क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के अगुवाई में करारी थाना प्रभारी गणेश प्रसाद व पुलिस कर्मियों समेत सैकड़ो लोग व परिजनो ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहीद रामराज यादव के परिजन फिर एक बार भावुक हो गए और शहीद की याद में आंखें नम हो गई। इशाकपुर पथरा गांव के रामराज यादव पुलिस उपनिरीक्षक के जवान थे उनकी तैनाती कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली में थी। कोतवाली में तैनाती के दौरान 16 सितंबर 2006 को इलाके में पुलिस टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई अचानक हुई फायरिंग में उप निरीक्षक रामराज यादव को गोली लग गई और वह वीरगति को प्राप्त हुए थे इस अवसर पर शहीद के माता कल्लो देवी, भाई करण सिंह यादव, अनिल कुमार, शुभम यादव ग्राम प्रधान, सहित सैकड़ो लोगों ने शहीद की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी वीरता को याद किया।

# सपा महिला सभा ने पदाधिकारियों का किया मनोनयन, सौंपा दायित्व

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला की संयुक्त बैठक समाजवादी पार्टी के कार्यालय मंझनपुर में रविवार को हुई इस दौरान जिले के पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र कार्यकत्रियों को दिया गया। इस मौके पर महिला सभा की जिलाध्यक्षा विभा यादव ने कहा कि महिलाओं को संगठन मजबूत करने के लिए जिला ब्लाक स्तर पर घर-घर जाकर समाजवादी विचारधारा से अवगत करना एवं समजवादी नीतियों को बढ़ावा देना होगा। समाजवादी पार्टी कार्यालय में महिला सभा द्वारा पदाधिकारियों का मानोनयन पत्र सपा महिला सभा की जिला अध्यक्षा विभा यादव द्वारा आवंटन पत्र दिया गया और उनका स्वागत किया गया जिसमें पूजा सरोज को महिला सभा का जिला उपाध्यक्ष, रन्नो देवी को जिला उपाध्यक्ष, नीलम यादव को जिला महासचिव, जिला सचिव नेहा यादव, जिला सचिव प्रतिभा यादव, जिला सचिव अंजू विश्वकर्मा, विनीता सरोज को जिला सचिव, रंजना यादव को जिला सचिव व अनुराधा यादव को सिराथू विधानसभा अध्यक्ष, पुष्पा सरोज को चायल विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शाइस्ता परवीन, जिला महासचिव गुलाम हुसैन पूर्व चेयरमैन भरवारी कैलाश चंद्र केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष भइया लाल पाल, जिला उपाध्यक्ष सद्दाम व पूर्व जिला सचिव भारत सिंह लोधी, पंकज ठाकुर, इंद्रेश यादव, सूरसती देवी पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष पटेल, जितेंद्र यादव, अश्वनी यादव, जेके यादव, सोनू दिवाकर, नथन लोधी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# युवती से गैंगरेप के 10 दिन बाद 2 पर मुकदमा

अखंड भारत संदेश

## कड़ा धाम दर्शन करने आई युवती से गैंगरेप में जिला पंचायत सदस्य सहित दो लोगों ने किया गैंगरेप



**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम गंगा स्नान और दर्शन करने आई युवती के साथ दस दिन पहले दो लोगो ने कार से मंझनपुर छोड़ने के बहाने से बैठाकर सुनसान इलाके में ले जाकर गैंगरेप किया था मामले में घटना के 10 दिन बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हो गया है युवती से गैंगरेप की घटना के बाद एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं भयमुक्त समाज का दावा करने वाली योगी सरकार में गैंगरेप की घटनाओं ने सरकार के कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है गैंगरेप की घटना के 10 दिन बाद भी अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी और लापरवाह थानेदार पर भी अभी तक आला अधिकारियों ने कठोर कार्यवाही नहीं की है। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र की एक युवती 3 अगस्त को कड़ा धाम क्षेत्र में गंगा स्नान और शीतला माता का दर्शन करने आई थी एसपी को दिया तहरीर के मुताबिक कर में लिफ्ट देने के बहाने युवती से जिला पंचायत सदस्य सहित दो लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया है युवती की शिकायत पर थाना पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो एसपी से मिलकर युवती ने इंसाफ की गुहार लगाई,एसपी के आदेश पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य शेरू और जुबैर पर गैंगरेप मारपीट का मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी। चचाओं पर जाए तो युवती के साथ गैंग रेप की घटना का मुकदमा बड़े राजनैतिक नेताओं के दबाव के दर्ज किया गया है वही इस मामले में चर्चा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के लिये अविश्वास प्रस्ताव में शेरू वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ नही है इसलिए दबाव बनाने के लिए शेरू के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पूर्व में भी सदस्यों पर दबाव बनाने के लिए मुकदमे दर्ज होते चले आ रहे हैं और बाद में फर्जी मुकदमे दर्ज कराने वाले बयान से पलट जाते हैं और मामला रफा-दफा हो जाता है लेकिन झूठी सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराने वालों पर कार्रवाई नहीं होती है जिससे फर्जी मुकदमें दर्ज कराने की प्रथा पर रोक नहीं लग रही है पूर्व के अनुभव बताते हैं कि फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी बच जाती है वही इस मामले में पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है,जांच के बाद ही मामला साफ होगा जिसके बाद कार्यवाई की जायेगी हालांकि कुछ भी हो यदि मामला फर्जी है तो 10 दिन बाद मुकदमा क्यों दर्ज किया गया है औए यदि घटना सही है तो आरोपियों की गिरफ्तारी में विलंब क्यों है।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम पर भगवान पर अभद्र टिप्पणी कर रील बनाकर वायरल करने वाले युवक पर मामला दर्ज

**कौशाम्बी।** जिले में हिन्दू देवी-देवताओं पर अभ्रद टिप्पणी कर रील्स बनाने और उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड करने के आरोप में पुलिस ने मोहम्मद शाहिल नाम के युवक को अरेस्ट किया है। युवक इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज और अभद्र बातें लिखा करता था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवक को रविवार को पूरब शरीरा हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी हुई है।

### दो पहिया चार पहिया वाहनों का कौशांबी पुलिस ने किया ई चालान

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दृष्टिगत बड़ी कार्यवाही की गई है दोपहिया और चार पहिया वाहनों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गलत पाए जाने पर 132 दोपहिया और चार पहिया वाहनों का पुलिस ने ई-चालान किया है बड़े पैमाने पर रविवार को वाहन चेकिंग के चलते वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल रहा इस दौरान वाहन चेकिंग कर रही पुलिस ने कहा कि वाहन चालक अभिलेख साथ में लेकर चलें जांच के दौरान पुलिस को दिखाएं और शासन द्वारा बनाए गए दिशा निदेर्शों का पालन करें जिससे खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरे लोग भी सुरक्षित रहें।

# जिले में 20 हजार नशेड़ियों को प्रतिदिन गांजा उपलब्ध करा रहे माफिया


अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** तीन दशक पूर्व शुरू हुआ गांजे का अवैध कारोबार कौशांबी की धरती में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है योगी सरकार और पुलिस अधिकारियों के बार-बार संगठित अपराध पर रोक लगाने के आदेश के बाद भी कौशांबी जिले में गांजे के अवैध कारोबार पर रोक लगती नहीं दिख रही है आबकारी विभाग भी गांजे के अवैध कारोबार को नहीं बंद कर सका है आबकारी विभाग के अधिकारी भी इस बात को। दबी जुबान से स्वीकार करते हैं कि अन्य नशे की तुलना में गांजा का नशा सस्ता पड़ता है जिससे गरीब लोग गांजा पीकर अपनी नशे की आदत की पूर्ति करते हैं बेबाक तरीके से आबकारी बिभाग का मानना है कि जिले में लगभग 20 हजार लोग प्रतिदिन गांजा पीते हैं लेकिन इन्हें गांजा कौन देता है तो आबकारी विभाग के लोगों का कहना है कि सब कुछ खुलेआम दिखाई पड़ रहा है आप सब कुछ जानते हैं और इस सवाल के उत्तर पर विभाग के लोग मुस्कुराते हैं जिले में जिन्हें पहले भांग का ठेका दिया गया था बाद में उनके ठेके निरस्त हो गए हैं लेकिन दर्जनों बन्द भांग ठेकों में भी गांजे की बिक्री बेखौफ तरीके से हो रही है आबकारी अधिकारी उनकी टीम पूर्व के भांग के ठेके में बिक रहे गांजे की बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं इसके अलावा भी कई दर्जन अन्य स्थानों पर बेखौफ तरीके से खुलेआम गांजे की बिक्री दुकान सजाकर हो रही है लेकिन उसके बाद आबकारी अधिकारी और उनकी टीम गांजे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में अपने को अक्षम असहाय महसूस कर रही है जिससे गांजे का व्यवसाय खुलेआम बेखौफ तरीके से कौशांबी की धरती पर तेजी से अपनी जड़े जमा चुका है गांजे के बदनाम धंधे से जुड़े लोग देखते-देखते मालामाल हो गए हैं करोड़ों में खेलने वाले गांजा माफिया अक्सर आबकारी अधिकारी के कार्यालय में गुफ्तगू करते देखे जाते हैं गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनके टीम के क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी शासन प्रशासन ने गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनकी टीम के रिश्ते की जांच नहीं कराई है गांजा माफियाओं को बेनकाब करने की जरूरत है छोटे-छोटे मामले में पुलिस गांजा बरामद की कार्यवाही कर रही है लेकिन बड़े कारोबारी पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग का चाबुक चलता नहीं दिख रहा है जिससे गांजे के अवैध कारोबार में लगे गाँजा माफियाओं के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है कथित भाजपाई भी गांजा के कारोबार में लिप्त है बड़े पैमाने पर अवैध गांजा बिक्री आबकारी विभाग के अफसर और उनकी टीम के निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है जिले में तेजी से गांजा पीने के शौकीनों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि आबकारी बिभाग भी गांजा पीने वालों के आंकड़ों से बखूबी परिचित होने के बाद भी रोक लगाने को कतई तैयार नहीं है इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से गांजे के कारोबार पर रोक लगाकर माफियाओं और आबकारी विभाग के रिश्ते को बेनकाब करने की मांग की है।

# कस्बे आबादी में घूमते है जंगली आवारा खूंखार साड़

अखंड भारत संदेश



> मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा का आदेश कौशाम्बी में अफसरों के ठेंगे पर
>
> जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बा बाजार सहित विभिन्न कस्बो चौराहों गांव क्षेत्र में सैकड़ो आवारा छुट्टा पशु टहलते घूमते देखे जाते हैं
>
> मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के आदेश केवल मीटिंग में दिशा निर्देश देने तक सीमित देखे जाते हैं

**कौशाम्बी।** मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा ने अफसरों को आदेश दिया कि सार्वजनिक जगहों पर आवारा छुट्टा पशु ना दिखाई पड़े लेकिन कौशाम्बी के अफसरों के लिए मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा का आदेश उनके ठेंगे पर है मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के कितने आदेश है जो कौशांबी में पालन नहीं हो सके है अवैध नर्सिंग होम झोलाछाप क्लीनिक आपंजीकृत अनट्रेंड अनरजिस्टर्ड अस्पतालों पर कार्रवाई का निर्देश कौशांबी में हवा हवाई साबित हुआ है डग्गामार वाहन अवैध बसों पर कार्रवाई का निर्देश भी कौशांबी में हवा हवाई साबित हुआ है बिना परमिट की बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं साफ-सफाई सड़कों की मरम्मत विकास योजना जमीनी हकीकत शासनादेश से बहुत दूर है। शासन से मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के आदेश आते है लेकिन मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के आदेश केवल मीटिंग में दिशा निर्देश देने तक सीमित देखे जाते हैं कार्रवाई करने का ढिंढोरा अफसरों द्वारा पीटा जाता है लेकिन हकीकत में जमीनी सतह उपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव के आदेश लागू नहीं हो पाते हैं प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने अपने आदेश में कहा था कि सड़क पर छुट्टा पशु मिलने पर कार्रवाई होगी लेकिन कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बा बाजार सहित विभिन्न कस्बो चौराहों गांव क्षेत्र में सैकड़ो आवारा छुट्टा पशु टहलते घूमते देखे जाते हैं लेकिन उसके बाद अभी तक डीएम कमिश्नर ने किसी भी अफसर पर कार्यवाही नहीं की है जिससे मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा के आदेशों की धज्जियां कौशांबी में उड़ती दिख रही है। आम जनता से लेकर किसान तक आवारा पशुओं के आतंक से परेशान हैं खेतों में झुंड का झुंड आवारा छुट्टा पशु घूम रहे है आवारा छुट्टा पशु किसानों के खेतों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं खेत खलिहान और सड़कों पर घूमने वाले आवारा छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थल में भेजने के निर्देश प्रमुख सचिव ने दिए थे लेकिन कौशांबी जनपद में इस आदेश का भी पालन नहीं हो सका है मंझनपुर कस्बा सहित जिले के विभिन्न कस्बे में आबादी के बीच आवारा छुट्टा पशुओं का झुंड पूरे दिन घूमते रहते हैं कस्बे में जंगली खूंखार साड़ घूमते हैं जिन्हें देखकर आमजनता दहशत में आ जाती हैं सड़के और रास्ते खाली हो जाते हैं लेकिन अफसरों को नहीं दिखाई पड़ते हैं कस्बे में खूंखार साड़ का झुंड जिधर से निकल जाता है उधर रास्ते खाली हो जाते हैं आखिर कब तक हवा हवाई का आदेश प्रमुख सचिव और मुख्य सचिव भेजते रहेंगे कब तक कागज में कार्यवाही का ढिंढोरा पीटा जाता रहेगा जमीनी हकीकत में ठोस कार्यवाही करनी होगी तभी योगी सरकार की निष्पक्ष कार्यप्रणाली का फायदा आम जनता को मिलेगा।

# विकसित पुस्तकालयों में बेहतर पीढ़ी का निर्माण करने की ताकत

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**पुस्तकें** मनुष्य के सबसे अच्छे मित्र और मार्गदर्शक होते हैं जो सतत ज्ञानरूपी प्रकाश से उनके जीवन को पथ प्रदर्शक में रूप में प्रगति का मार्ग दशार्ते हैं। गुणवत्तापूर्ण मनुष्यबल, एवं शिक्षित समाज के निर्माण में पुस्तकालय की भूमिका महत्वपूर्ण है। देश-दुनिया में जितने भी सफल बुद्धिजीवी लोग हैं उनके जीवन में भी पुस्तकों के लिए विशेष स्थान होता है, वे भी पुस्तकें पढ़ने के लिए व्यस्त होते हुए भी समय निकालते ही हैं। देश के महान समाजसुधारक, क्रांतिकारी, महान वैज्ञानिक से लेकर आज के नेता - अभिनेता भी पुस्तकें पढ़ना पसंद करते हैं, अधिकतर लोगों ने तो अपने घर में ही खुद के संग्रहण की छोटी-सी लाइब्रेरी बनाई है। पुस्तकें मनुष्य को बेहतर जीवन चरित्र निर्माण करने में अमूल्य योगदान देते हैं। पुस्तकों ने आज के आधुनिक युग में डिजिटल स्वरूप धारण किया हैं अर्थात दुनियाभर का साहित्य इंटरनेट और यांत्रिक संसाधनों के द्वारा हमारे पास पहुंच गया हैं, जिसे हम कभी भी, कही भी पढ़ सकते हैं। ई-साहित्य ऑनलाइन लाइब्रेरी के रूप में उपलब्ध हैं, लेकिन पुस्तकालयों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण साहित्य संग्रह के योग्य व्यवस्थापन और बेहतर सेवा सुविधा द्वारा ही पुस्तकालय के उद्देश्य की पूर्ति हो सकती हैं।

बड़े दुख की बात है कि हमारे देश में अधिकतर स्कूली बच्चों को पुस्तकालय के बारे में जानकारी ही नहीं होती हैं क्योंकि उन्होंने अपने स्कूली जीवन में कभी पुस्तकालय देखा ही नहीं हैं। यह हाल सिर्फ पिछड़े ग्रामीण इलाकों का ही नहीं अपितु शहरों, महानगरों में भी अनेक स्कूल पुस्तकालय बगैर चल रहे हैं, तो कई स्कूलों में दिखावे के लिए एक बंद कमरे में कुछ रद्दी की किताबें पुस्तकालय के तौर पर नजर आती हैं, अधिकतर राज्यों के सरकारी और शासन द्वारा अनुदानित स्कूलों में भी ये हालात हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पुस्तकालय का मोल कैसे समझेगा? यह एक गंभीर विषय हैं। स्कूली शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधारस्तंभ होता है, अगर नींव बेहतर रही तो सफल जीवन की इमारत निश्चित ही मजबूत होगी।

आज समाज में ज्ञान के स्त्रोत के रूप में स्थापित अधिकतर पुस्तकालय उपेक्षा के शिकार हैं, जिसके कारण नई पीढ़ी पुस्तकालयों से मुँह मोड़ती नजर आ रही हैं। एक समय था जब छोटे-छोटे बच्चे भी घर के बड़े बुजुर्गों के साथ परिसर के सार्वजानिक पुस्तकालयों में बाल साहित्य पढ़ने के लिए जाया करते थे। बच्चों में पढ़ने की वह उमंग, ललक, खुशी शायद अब दुर्लभ जान पड़ती हैं, क्योंकि बच्चों को अब ऑनलाइन गेम्स, सोशल मीडिया ने व्यस्त कर दिया हैं, जो आने वाले कल को बबादी की ओर धकेल रहे हैं। पालक ही बच्चों को बचपन से ही मोबाइल की लत लगवा रहे हैं, जब बच्चे मोबाइल से बिगड़ते हैं तो पालक परेशान होते हैं। कच्ची मिट्टी की भांति बच्चों को जैसा सिखाओगे वैसा वें सीखेंगे। एक बार मिट्टी पक्की हो गयी तो उनका आकार बदलना मुश्किल हैं। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों को प्राथमिक स्कूली शिक्षा से ही बाल साहित्य व पठन सामग्री से परिचय करवाना चाहिए।

ऑनलाइन का ये पहलू भी समझना होगा :- माना कि ई-साहित्य ने पाठकों के लिए नया मार्ग प्रशस्त किया हैं लेकिन यांत्रिक संसाधनों पर ज्यादा देर लगातार पढ़ना थकावट पैदा करता हैं और कोरोना महामारी ने विद्यार्थियों के ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर बहुत-सी नई परेशानियों को जन्म दिया हैं। लगातार यांत्रिक संसाधनों से घिरे रहने के कारण विद्यार्थियों में सोशल मीडिया की लत लग गई, शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चे कमजोर और हिंसक हुए, उनमें आंखों की समस्याएं, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, चिंता और घुटन निर्माण होने लगी। इन समस्याओं से अभिभावक भी परेशान हो गए। ई-साहित्य समय, पैसा बचाकर दुनियाभर में हमारी पहुंच बनाता हैं, परन्तु स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि जितना संभव हो सकें ऑनलाइन पढ़ना कम हो तो अच्छा। सभी ने पुस्तकें खूब पढ़नी चाहिए, प्रत्यक्ष रूप में पुस्तकों को पढ़ना बेहतर होता हैं। हम किसी किताब को अपने हाथ में थामकर या भौतिक किताब के साथ पढ़ते हुए जितना समय बिताते हैं, उसका आधा समय भी ऑनलाइन किताब पढ़ने में नहीं बिता सकते। ऑनलाइन द्वारा ई-साहित्य एक सीमित समय के लिए बेहतर परिणाम देते हैं।

पुस्तकालय विकास से कोसों दूर :- हम सब जानते ही हैं कि हमारे देश में पुस्तकालयों का विकास विशेषकर सार्वजनिक पुस्तकालय और स्कूली पुस्तकालय संतोषजनक नहीं हैं।

योग्य व्यवस्थापन, कुशल कर्मचारी गण एवं आवश्यक निधि के अभाव में पुस्तकालय खराब हालत में हैं। एक वक्त था जब पुस्तकालय ज्ञान के स्त्रोत के रूप में शहरों, गांवों, कस्बों में लोगों के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हुआ करता था। लोग कम शिक्षित थे फिर भी पुस्तकालयों के महत्त्व को जानते थे। आज वही पुस्तकालय अनमोल साहित्य के साथ खंडहरनुमा भवन में जर्जर अवस्था में बबार्दी की दास्तान बयां कर रहे हैं। अनेक पुस्तकालयों में अनमोल साहित्य जीर्ण अवस्था में पड़ा है, तो कई पुस्तकालयों में साहित्य के नाम पर कुछ समाचार पत्र दिखते हैं। तज्ञ कुशल कर्मचारी वर्ग की भारी कमी है, जिससे सेवाएं चरमराई हैं।

प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उदासीनता :- भले ही देश में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जाता हैं और ज्ञान स्त्रोत अर्थात पुस्तकालय के उपयोगिता को सभी मानते हैं परन्तु पुस्तकालयों के विकास का क्या? पुस्तकालयों के विकास में नई क्रांति की आज सबसे ज्यादा जरुरत हैं ऐसे में अंतराष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालय के नेटवर्क को फैलाना तो दूर, जो पुस्तकालय अभी अस्तित्व में हैं उनमे से भी अधिकतर खत्म होने के कगार पर हैं। आज बड़े शहरों में महानगरपालिका का बजट हजार करोड़ से अधिक होता हैं लेकिन वे पुस्तकालयों पर कितना खर्च करते है, ये हम सब जानते हैं। अधिकतर राज्यों के अनेक सरकारी स्कूल, कॉलेज में केवल नाम के लिए पुस्तकालय हैं। दशकों से अनेक राज्यों में सरकारी और अनुदानित शिक्षा केंद्रों के पुस्तकालय विभाग में कर्मचारी भर्ती होते हुए नहीं दिखीं। आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं परन्तु क्या आज भी "गांव वहां पुस्तकालय" की संकल्पना को पूरी तरह से साकार कर पाये? बच्चों को स्कूल से ही पुस्तकालयों के महत्व और उसकी उपयोगिता को अपने जीवन में विशेष स्थान देना चाहिए लेकिन उन्हें स्कूल में पुस्तकालय की बेहतर सेवा-सुविधा ही नहीं मिलेगी तो वें निश्चित ही पुस्तकालयों से दूरी बनाने लगेंगे। पुस्तकालयों की ओर देखने का नजरिया बदलना चाहिए, शिक्षा को महत्व देना है तो पहले पुस्तकालय समृद्ध बनाने होंगे। पुस्तकालय धनोपार्जन का केंद्र नहीं है, शायद इसलिए इन्हें महत्त्व नहीं मिलता, लेकिन ये केंद्र ज्ञान स्त्रोत कहलाते हैं अर्थात देश को समृद्ध, विकसित और संपन्न बनाने के लिए पुस्तकालय बेहद महत्वपूर्ण हैं। विकसित पुस्तकालय बेहतर पीढ़ी को निर्माण करने की ताकत रखते हैं।

प्रशासन की जिम्मेदारी :- केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, संबंधित अधिकारी वर्ग ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आनेवाले सभी पुस्तकालयों के विकास पर विशेष जोर देना चाहिए।

उत्कृष्ट पठन सामग्री की खरीद, पुस्तकालय सेवा सुविधाएं, कुशल कर्मचारियों की भर्ती, पुस्तकालय भवन निर्माण के विस्तार पर ध्यान दिया जाना चाहिए, पुस्तकालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता, पर्याप्त धन, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और उचित वेतन की पूर्ति समयानुसार होनी ही चाहिए।

लाखों की संख्या में पुस्तकालय विज्ञान क्षेत्र में उच्च शिक्षित बेरोजगारों की भरमार हैं। विद्यार्थियों में पठन साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्थानिक प्रशासन से लेकर राज्य और केंद्र सरकार ने विविध स्तर पर योजनाएं, स्पर्धा, महोत्सव, कार्यक्रम, सम्मेलन आयोजित करवाना चाहिए। हर जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालय स्थापित करके उसके क्षेत्र में आनेवाले सभी गांवों और कस्बों के स्कूल महाविद्यालय और सार्वजानिक पुस्तकालय भी उससे जोड़ने चाहिए, ताकि जिले के प्रत्येक पाठक को अंतराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकालय सेवा पास में ही मिल सकें।

सभी शिक्षा केंद्र में संपन्न पुस्तकालय हो तो :- अगर देश में हर ओर विकसित पुस्तकालय हो तो बच्चे बड़े उत्साह से पुस्तकालय का उपयोग कर पाएंगे, पुस्तकों से उनकी दोस्ती होगी, पुस्तकें उनके जीवन को सही राह दिखाने में मददगार साबित होंगे, बच्चें अपने खाली समय का भी सदुपयोग कर पाएंगे। बच्चों का पढ़ाई में मन लगेगा, बोरियत महसूस नहीं होगी। वें मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग से दूर होंगे। बच्चों में बुरी आदतें कम होकर भविष्य में अपराधों पर अंकुश लगेगा। विद्यार्थी के रूप में बच्चे अपने भविष्य के प्रति जागरूक व अद्यतन रहेंगे, संस्कारशील, सृजनशील और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

इससे शिक्षा प्रणाली पूर्णत समृद्ध होगी और इसका सीधा असर अन्य क्षेत्र पर होगा क्योंकि बच्चें बड़े होकर विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत होंगे, वें उन्नत राष्ट्र के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाएंगे। धीरे-धीरे सम्पूर्ण राष्ट्र विश्वपटल अग्रगण्य स्थान पर विराजमान होगा।

आज विश्व के उन विकसित देशों के शिक्षा प्रणाली के बारे में सोचिए, जहां पर बचपन से ही बच्चों को पुस्तकालयों से परिचय कराया जाता हैं और उनके भविष्य में मजबूत उड़ान भरने के लिए पुस्तक के रूप में नए पंख लगाए जाते हैं। निश्चित रूप से यही बच्चें जीवन में सफलताओं के परचम लहराते हैं और देश को तरक्की के शिखर पर पहुंचाते हैं।

## संपादक की कलम से

# रूस यूक्रेन युद्ध, जैविक और परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ सकता है

**यूक्रेन** को अमेरिकी राष्ट्रपति की भारी मदद के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगी' रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम योंग उन के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है।

# नया आकाश नई संभावनाओं का प्रभामंडल लेकर आया स्वतंत्रता दिवस

"**स्वतंत्रता** हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है,और इसे हम लेकर रहेंगे" यह घोषणा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी' सचमुच स्वतंत्रता के बिना जीवन व्यर्थ है' पराधीन मनुष्य ना तो सुखी जीवन जी पाता है और ना ही अपनी इच्छाओं के अनुकूल जीवन व्यतीत कर पाता है। इसीलिए कहा गया है "पराधीन सपनेहु सुख नाही" प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वतंत्रता विशेष महत्व रखती है, और कई वर्ष पराधीन रहने के बाद स्वतंत्रता हासिल हुई हो तो ऐसी स्वतंत्रता का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।. हमारा देश भारत सदियों से परतंत्रता के बाद 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था, पर इस पर ओलंपिक और कामनवेल्थ खेलों में में कमाल करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास और आनंद में तब्दील कर दिया है. यह अमृत महोत्सव हमें हमेशा याद दिलाता रहेगा की भारत को विश्व गुरु होना है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नए भारत को जन्म दिया जाना है, हमारी युवा शक्ति, युवा पीढ़ी इस देश को अजर अमर बनाने में सदैव प्रयत्नशील रही है ' भारत का हजारों वर्ष पुराना इतिहास है, इस लंबे इतिहास में कई विदेशी आक्रमणों का सामना करना पड़ा है' अधिकतर विदेशी आक्रमणकारी यहां रहने के दौरान भारतीय सभ्यता संस्कृति में इस तरह घुल मिल गए मानो वह भारत के मूलनिवासी है. विदेशी आक्रमणकारियों के आगमन एवं यहां की सभ्यता संस्कृत में घुल मिल जाने का सिलसिला मध्यकालीन मुगलों के शासन तक चलता रहा. 18 वीं शताब्दी में जब अंग्रेजों ने भारत के कुछ हिस्सों पर अधिकार जमाया तो पहली बार भारत की जनता को गुलामी का एहसास हुआ।. आक्रमणकारी अंग्रेजों ने भारत देश को गुलाम बनाकर अपने स्वयं के देश को धन धान्य से पूर्ण करने के लिए भारत की धरती का संपूर्ण दोहन कर धन को इंग्लैंड भेजते रहे,बाद में तो अंग्रेजों ने मुगल शासकों को परास्त कर पूरे भारत पर आधिपत्य ही कर लिया था' पर आजादी और स्वतंत्रता के दीवानों ने अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंक दिया था. संघर्ष में भारत माता के असंख्य वीर पुत्र शहीद हुए,कई युवा अंग्रेजों के जुल्म का शिकार हुए, मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाले बहुत से वीरों को जेल की सलाखों के पीछे जीवन व्यतीत भी करना पड़ा. कई वीर सपूतों को काला पानी की सजा भी झेलनी पड़ी. आजादी का यह संघर्ष वर्ष 1947 तक चला' आजादी के संघर्ष में अनगिनत दीवानों ने जैसे मंगल पांडे, लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, कुंवर सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, खुदीराम बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, लोकमान्य तिलक, जयप्रकाश नारायण, अबुल कलाम आजाद, इत्यादि का विशेष योगदान था।

सदियों से गुलामी के बाद 1947 में जब भारत आजाद हुआ' तब भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले पर स्वतंत्रता का तिरंगा फहराया. और पूरे भारत देश के नागरिकों ने आजादी की सांस ली' आज भी हम शहीदों को उनकी कुबार्नी के लिए याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. इस अमृत महोत्सव में राम प्रसाद बिस्मिल की कहिए पंक्तियां सदैव याद आती हैं

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा'

जिस तरह खून और पसीना बहा कर हमारे खिलाड़ियों ने जापान ओलंपिक 2020 में 7 पदक और कॉमनवेल्थ गेम ओं मैप 22 स्वर्ण पदक लाया हैं, उसी तरह उससे कहीं ज्यादा अथक प्रयास कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने खून तथा पसीने से आजादी पाई थी। आज हम उनको याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। साथ ही स्वतंत्रता का सही मूल्यांकन भी हम सभी को करना होगा और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व त्यागना होगा। . तब जाकर स्वतंत्रता का 76 वां अमृत महोत्सव का सच्चा मायने होगा. हमें हर हाल में सांप्रदायिक ताकतों एवं देश की विघटनकारी शक्तियों का विरोध कर अपनी राष्ट्रीय एकता को बचा कर रखना होगा. हम अपनी सतर्क दृष्टि से देश में विध्वंसकारी ताकतों एवं तत्वों को पनपने से रोक सकते हैं, जिस देश को खतरा हो, देश के बुद्धिजीवियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों का कर्तव्य है कि वह देश की जनता को इस संदर्भ में जागरूक कर समस्त राष्ट्र की एकता कायम रखने का प्रयास करें' राष्ट्रीय एकता ही सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला होती है।. इसी लिए देश की रक्षा करना एवं अखंडता बनाए रखना हमारा प्रथम नैतिक तथा राष्ट्रीय कर्तव्य है।. इसकी एकता तथा अखंडता बनाए रखने के लिए हमें अपना सर्वस्व त्यागने के लिए तैयार रहना होगा।

# हर घर तिरंगा अभियान और ध्वज संहिता का मान

**-प्रियंका सौरभ**

**भारत** की स्वतंत्रता के 76वें वर्ष के जश्न के हिस्से के रूप में, भारत सरकार ने "हर घर तिरंगा" अभियान शुरू किया है। अभियान में भाग लेते समय भारतीय ध्वज संहिता को समझना जरूरी है। 'हर घर तिरंगा' आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को 13 से 15 अगस्त 2023 तक अपने घरों में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का फहराना/उपयोग/प्रदर्शन राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित होता है। भारतीय ध्वज संहिता राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के लिए सभी कानूनों, सम्मेलनों, प्रथाओं और निर्देशों को एक साथ लाती है। यह निजी, सार्वजनिक और सरकारी संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अपना राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा। इसको लहराते देख गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। इस के सम्मान में इसे सैल्यूट करने का मन चाहता है।

सबसे पहले 7 अगस्त 1906 कलकत्ता (अब कोलकाता) में ह्यलोअर सर्कुलर रोडह्ल के पास पारसी बागान स्क्वायर पर पहला राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। उस समय इसमें लाल, पीले और हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ बनी हुई थीं। इसके बाद, कई बदलावों से गुजरते हुए यह राष्ट्रीय ध्वज 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा द्वारा इसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार किया गया। इसके मौजूदा स्वरूप को डिजाइन करने में स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकय्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग बराबर अनुपात में है। झंडे की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के केंद्र में गहरा नीले रंग का चक्र है, जिसका प्रारूप अशोक की राजधानी सारनाथ में स्थापित सिंह के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले चक्र की तरह है। चक्र की परिधि लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है। चक्र में 24 तीलियाँ हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की खुशी में जहर घोलती नूँह व मणिपुर हिंसा

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**देश इस** बार 15 अगस्त 2022 से विधिवत रूप से मनाते जा रहे अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 15 अगस्त 2023 में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मना रहा है । 15 अगस्त 2022 से लगभग 75 सप्ताह पहले आजादी का अमृत महोत्सव आधिकारिक तौर पर 12 मार्च, 2021 को शुरू हुआ था जब लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबरमती आश्रम, अहमदाबाद से आजादी का अमृत महोत्सव की कर्टन रेजर एक्टिविटीज का उद्घाटन किया था। ये समारोह 15 अगस्त, 2023 तक स्वतंत्रता दिवस के रूप में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं के बलिदान को याद करने का समय है जिन्होंने हमारी आजादी के लिए खुशी-खुशी अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। स्वतंत्रता दिवस हमें भारत माता की उन्नति और प्रगति के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। किंतु वर्तमान समय में देश में अलग-अलग क्षेत्रों में घटित घटनाक्रम को देखकर लगता है कि देश के नागरिक केवल अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को भूल गए हैं या फिर याद ही नहीं करना चाहते हैं । जब से देश में जीवन का स्तर उन्नत हुआ है , घर ,कार ,मकान की सुविधा बढ़ी है ।तब से लगता है कि विचारों में उतनी ही अधिक गिरावट आई है । देश में पढ़े-लिखे लोग हिंसा व बलात्कार मामलों में सम्मिलित पाये जाते हैं और राजनैतिक संरक्षण के कारण वे बच जाते हैं।

राजस्थान में 10 साल की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में 2.79 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये खुलासा हाल ही में राजस्थान पुलिस की रिपोर्ट में हुआ है। देशभर में दुष्कर्म के मामलों में नंबर-1 रहने वाले राजस्थान में एक और डराने वाला आंकड़ा सामने आया है। यहां 10 साल से कम उम्र की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के केस 2.79 फीसदी बढ़े हैं। वहीं, छोटी बच्चियों के साथ गैंगरेप की वारदात में भी इस साल 13.64 फीसदी की वृद्धि हुई है जबकि मुख्यमंत्री गहलोत कह रहे हैं कि यहां सब ठीक है । दिल्ली में एक दिल दहलाने वाला मामला 13 साल की नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का आता है। जिसमें बच्ची का जानकार मिनी टेंपो चालक पीड़िता व उसकी सहेली को घुमाने के बहाने टैंपों में बैठाकर ले जाता है , सहेली को उसके घर के सामने उतारकर पीड़िता को सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार की वारदात को अंजाम देता है।

मणिपुर हिंसा के दौरान दो महिलाओं को रेप के बाद नग्न कर घुमाने का वीडियो तो विश्व समाचार बन गया है । जबकि दोनों ही समुदाय की असंख्य ऐसी वारदातें है जिस का वीडियो वायरल नहीं हुआ होगा।

दिल्ली के ही शाहबाद डेरी इलाके में हुए साक्षी हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार 28 जून 2023 को 640 पेज की चार्जशीट रोहिणी कोर्ट में दाखिल की गई। जिसमें बताया गया कि मुस्लिम लड़के ने अपनी मुस्लिम पहचान छिपाकर साक्षी से प्रेम किया और महीनों अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। बाद में इसी मुस्लिम लड़के साहिल ने किसी बात पर चिल्लाती हुई , जिंदगी की भीख मांगती रोती-बिलखती साक्षी पर निर्दयता पूर्ण चाकू से 20 से भी अधिक बार ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी और जब इससे भी दिल नहीं भरा तो भारी पत्थर उसके मुँह पर मारकर उसका चेहरा कुचल दिया । इससे भी चिंतनीय बात यह है कि कई चैनलों पर ऐसा नैरेटिव सैट किया गया कि साक्षी की बेरहमी से की गई हत्या को छोटा कर मौके पर उपस्थित लोगों को हस्तक्षेप न करने की खबर ही चलाते रहे । राहगीरों ने साक्षी को नहीं बचाया जो कि बहुत ही कायरतापूर्ण है किंतु खबर का रूख ही मोड़ दिया । बेरहम मुस्लिम लड़के की दरिंदगी से ज्यादा देखने वालों पर फोकस बनाया गया।

हरियाणा के नूंह में जलाभिषेक के लिए जाते हुए हिंदू समुदाय पर अकस्मात पत्थरों ,डंडो व गोलियों की बौछार ने पूरे हरियाणा में भय व्याप्त कर दिया । एक समुदाय की ओर से की गई हिंसा ने सैकड़ों लोगों की ज़िंदगी पर असर डाला है। हजारों लोगों को अपनी जान बचाने के लिए घरों से भागना या छुपना पड़ा। नूंह हिंसा में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों बेकसूर भक्त लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि हमला करने वाले राजस्थान आदि दूसरे प्रदेशों से आये थे जबकि सत्य यह है कि बिना पूर्व योजना के तथा स्थानीय लोगों के विश्वास व सहयोग के बिना बाहरी व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।

इस तरह की असंख्य घटनाओं ने जहां स्वतंत्रता दिवस की खुशियों पर डाका डाला है वहीं मामलों के राजनीतिकरण की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है । अधिकतर मामलों में मिलकर माहौल को शांत करने के बजाय भड़काने के ही संकेत मिलते हैं । यह बढ़ते भारत के लिए शुभ लक्षण नहीं है ।

15 अगस्त 1947 को हमारी मातृभूमि अंग्रेजों की ब्रिटानिया सरकार से मुक्त हुई थी जिसके लिए हजारों परिवारों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया ।

आज जिस देश को हम अपना स्वतंत्र देश कहते हैं उसे स्वतंत्र हुए 77 वर्ष हो चुके हैं। महापुरुषों के मार्गदर्शन के बाद व लोकमान्य तिलक , पं. रामप्रसाद बिस्मिल , नेता जी सुभाषचंद्र , पं. चन्द्रशेखर आजाद व भगतसिंह आदि हजारों क्रांतिवीरों का सपना था कि हमारा देश विश्व का सर्वोच्च देश बने। आज हम इस आजादी की हवा में सांस ले पा रहे हैं क्यूंकि हमारे पूर्वजों ने हमें यह आजादी दिलाने के लिए 200 वर्ष तक संघर्ष किया। इसलिए आजादी का यह जश्न पूरे देश में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। लोकमान्य तिलक ने कहा था कि

"स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूँगा"

स्वराज तो हमें मिल गया किंतु हम इसे संभाल नहीं पा रहे हैं ।

आओ इस अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस पर हम मिलकर संकल्प लें कि भारत की उन्नति , इसकी प्रगति हमारे हर कार्य पर भारी हो। हमारी पहली प्राथमिकता हमारा देश होगा तभी हम विश्व गुरु के स्थान पर पहुंच सकेंगे।

# बाल्मीकि आश्रम के सुन्दरीकरण को बनाया है रास्ता भाषा में भदेश हूं, पिछडा हुआ पाठा हूं

## बसपा जिलाध्यक्ष व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। महर्षि बाल्मीकि आश्रम की तलहटी पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी संत रविदास आश्रम कुटिया के ऊपरी हिस्से पर बाल्मीकि आश्रम के हो रहे सुंदरीकरण की सामग्री ले जाने को रास्ता निर्माण कार्य कराया गया है। नवनिर्मित रास्ते की मिट्टी संत मालिकदास महराज की बनी समाधि के ऊपर आ गई थी। इससे परिक्रमा बाधित हो रहा था। इसे देखते हुए संत रविदास आश्रम के संत व सेवकों ने बसपा जिलाध्यक्ष व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला



संयोजक को फोन से जानकारी दी थी। रविवार को रास्ता निर्माण की आड में सैकड़ों वर्ष पुरानी संत रविदास आश्रम लालापुर की कुटिया खत्म करने की साजिश की जानकारी मिलते ही बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एड व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय सिंह राणा संत रविदास आश्रम पहुंचे। मालिकदास महराज की समाधि पर मिट्टी जाने से परिक्रमा मार्ग बाधित हो गया है। बसपा जिलाध्यक्ष ने थाना प्रभारी रैपुरा शैलेन्द्र चंद्र पाण्डेय से मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि रास्ते की मिट्टी समाधि पर जाने से ऐसे हालात हैं, महापुरूषों की समाधि व आश्रम गिराने की कोई बात नहीं है। मौके पर मौजूद डिप्टी रेंजर रैपुरा हरिप्रसाद सिंह ने बताया कि महर्षि बाल्मीकि आश्रम के सुंदरीकरण को सामग्री ले जाने को रास्ता बनाया गया है। डिप्टी रेंजर ने कहा कि पेड़ की डालियां कटवाकर आने वाले दिनों में संत रविदास आश्रम पर कोई संकट पैदा नहीं होगा। बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बहुजन समाज से अपील किया कि संत रविदास आश्रम पुरखों की धरोहर है। इसकी देखरेख व रखरखाव करना सभी की जिम्मेदारी है।

## वृद्धाश्रम में मनाया कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जन्मदिन



अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जन्मदिन बुंदेली सेना ने वृद्धाश्रम में केक काटकर मनाया। वृद्धजनों को स्वल्पाहार बांटा। उनके शतायु की कामना की।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जन्मोत्सव है। जिले के हनुमानगंज गांव के मूल निवासी आशीष पटेल ने प्रदेश की राजनीति में एक मुकाम बनाया है। अपना दल (एस) प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। केंद्रीय कैबिनेट में आशीष पटेल की पत्नी अनुप्रिया पटेल वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री हैं, जबकि आशीष पटेल प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा और उपभोक्ता मामलों के कैबिनेट मंत्री हैं। विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच केक काटकर आशीष पटेल का जन्मदिन मनाया गया। केक काटने के बाद वृद्धजनों के बीच फल, मिठाई, बिस्किट और नमकीन स्वल्पाहार बांटा गया। सामूहिक रूप से कैबिनेट मंत्री के शतायु होने की कामना की गई। इस मौके पर अतुल सिंह, वीपी पटेल, विराग सिंह एड, वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबरीश श्रीवास्तव, लिपिक कामता प्रसाद, राजकुमार, सुदीप, वंदना, प्रियंका समेत लगभग 92 वृद्धजन मौजूद रहे।

## छापेमारी कर आबकारी टीम ने बरामद की 40 लीटर महुआ शराब



अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आबकारी आयुक्त के आदेश पर प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर आबकारी विभाग ने कोतवाली कर्वी के भैरोपागा मोहल्ले में छापेमारी कर 40 लीटर महुआ शराब बरामद की।

रविवार को आबकारी विभाग टीम ने मन्दाकनी नदी किनारे दबिश दी। दबिश दौरान 40 लीटर महुआ से बनी कच्ची शराब बरामद की। तकरीबन पांच कुंतल लहन मौके पर नष्ट किया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। दबिश टीम में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्रधान आबकारी सिपाही धर्मेन्द्र राजपूत व आबकारी सिपाही शिवसागर, लालचन्द्र, सरताज खां, आजाद खां, मो अकरम, लालाराम वर्मा, महिला आबकारी सिपाही रंजना सिंह, सुमित्रा व महिला होमगार्ड कालिन्द्री देवी मौजूद रहीं।

## प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण कर परेड की लेंगे सलामी

विदिशा। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मुख्य समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया गया है। मिनिट टू मिनिट आयोजित होने वाले कार्यक्रमो जानकारी देते हुए कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि 15 अगस्त की प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः नौ बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान, प्रातः 9.05 बजे परेड का निरीक्षण, प्रातः 9.10 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्रातः 9.25 बजे मध्यप्रदेश गान, 9.30 बजे मार्चपास्ट, प्रातः 9.40 बजे छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 10.10 बजे से मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउड पर सभी विभागो के अधिकारियों, कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार आमजनों से अपील की गई है कि पुलिस परेड ग्राउण्ड पर प्रातः नौ बजे झंडावंदन के समय अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर स्वतंत्रता संग्राम के इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बनें। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर्व पर सभी शासकीय स्मारकों, कार्यालयों प्रकाश रोशनी की जाएगी। इसके लिए झालर लगाने का कार्य 13 अगस्त की रात्रि तक पूरा कर लिया जाए। ताकि 14 की रात्रि से रोशनी कार्यालयों में की जा सकें।

## एसपी के निर्देश पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आजादी के अमृत महोत्सव में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ लाइन शीतला प्रसाद पाण्डेय ने प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण की मौजूदगी में एलआईसी तिराहे शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

रविवार को सीओ लाइन के साथ सेरीमोनियल गार्द ने शहीदों को सलामी दी। प्रतिसार निरीक्षक ने विद्यालयों में तालमेल से सीआईसी के एनसीसी कैडेट्स एवं ज्ञान भारती इण्टर कालेज के छात्रों की बैंड पार्टी बुलवाकर राष्ट्रीय धुनें बजाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में पटेल तिराहे पर लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। सेरीमोनियल गार्द ने सलामी दी। छात्रों ने राष्ट्रीय धुनें बजाई।

## पहाडी बुजुर्ग प्रधान, पद पर हुए बहाल

अखंड भारत संदेश



पहाड़ी/चित्रकूट। पहाड़ी ब्लाक के पहाडी बुजुर्ग प्रधान रामनरेश को हाईकोर्ट इलाहाबाद ने पद पर बहाल कर दिया है।

रविवार को पहाड़ी ब्लाक के पहाड़ी बुजुर्ग से निर्वाचित प्रधान रामनरेश वर्मा को मार्च में शासकीय व विकास कार्यों में रुचि न लेने आदि आरोप लगाकर ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने वित्तीय पावर पर रोक लगाकर त्रिसदस्यीय समिति गठित कर दी थी। प्रधान रामनरेश ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

लगभग तीन माह की लम्बी लड़ाई बाद हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी के 95(1) लगाये आदेश को स्थगित कर प्रधान रामनरेश के सारे अधिकार पूर्व की भांति बहाल करने के आदेश दिये हैं। इससे ग्राम पंचायत की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई।

## एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी राजललन सिंह पुत्र हरीश्चन्द्र निवासी ममसी बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही अमित सिंह शामिल रहे।

## अब और तेजी से सपा मुखिया की नीतियां जन-जन तक पहुंचेंगी: अनुज, अनुज बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

अखंड भारत संदेश



चित्रकूट। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री/सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सोशल मीडिया एवं फेसबुक में बेहद सक्रिय रहने वाले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव को प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जिले के दिग्गज सपाइयों ने खुशी जताई है। रविवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जिले के चार बार सपा जिलाध्यक्ष रहे अनुज सिंह यादव को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। अनुज सिंह यादव फेसबुक व सोशल मीडिया में बेहद सक्रिय रहते हुए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उनके प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर सपा विधायक अनिल प्रधान, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, गौरीशंकर मिश्रा, माता प्रसाद कुशवाहा, मो गुलाब खां समेत पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल आदि ने खुशी जताई है। इन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व ने अनुज सिंह यादव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाकर सराहनीय कदम उठाया है।

## आर्थिक उन्नति का आधार है सहकारिता: डा प्रवीण सिंह जादौन

### नौ को होगी कार्य समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सहकारिता ही आर्थिक उन्नति का आधार है। सहकार भारती इसी दिशा में कार्य कर रही है। सब बराबर हों, सबका आत्मसम्मान सुरक्षित हो।

रविवार को ये बात लोनिवि डाक बंगले में सहकार भारती के जिला पदाधिकारियों की बैठक में सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कही। उन्होंने कहा कि सहकार भारती प्रदेश की चित्रकूट में नौ व दस सितम्बर को उद्यमिता विद्या पीठ विवेकानंद सभागार में दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति तैयारी बाबत सहकार भारती के पदाधिकारियों से संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सहकार भारती शुद्ध सहकारिता की



भावना की रक्षा को निरंतर काम करती रहेगी। देश के सभी नागरिकों को स्वावलंबी बनाकर आत्मा से जुड़ना है, ताकि सहकारी संस्थाओं में पुण्य विचार का समावेश हो सके। सहकार भारती एफपीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि जिले में होने वाली सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति की बैठक में सहकारिता विकास को चिंतन, मनन एवं भविष्य की योजनाओं को तैयार किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सहकारिता क्षेत्र का देशव्यापी संगठन है। जिले के सभी पदाधिकारी प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे। जिला महामंत्री कुलदीप सिंह ने कहा कि सहकार भारती के पदाधिकारी एक सप्ताह पहले प्रदेश कार्य समिति की बैठक में व्यवस्था की दृष्टि से बैठक करेंगे, ताकि चित्रकूट मंडल के पदाधिकारी उपस्थित हो सकें। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शंकरदयाल पयासी, राम सागर चतुर्वेदी, सुनील कुमार द्विवेदी, अनुराग कुमार द्विवेदी, कामता प्रसाद, दुर्गेश द्विवेदी, ओंकार सिंह, राम प्रताप सिंह, लवकुश सिंह, आदित्य मिश्रा, अरुण वैश्य आदि मौजूद रहे।

# बंटवारे के दर्द को कभी नहीं भूलेगा हिन्दुस्तान: सांसद

## -मुस्लिम लीग ने कराये थे बडे पैमाने पर दंगे: अशोक जाटव- डायरेक्ट एक्सन-डे में हुई थी लूट, हत्या, आगजनी: खरे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि देश के बंटवारे का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा में लाखों लोगों को घर से बेघर कर दिया था। लाखों की जान चली गई थी। अखंड भारत के आजादी के इतिहास में 14 अगस्त की तारीख आंसुओं से रक्तरंजित कर दी गई थी।

रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल लोनिवि डाक बंगले में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि भारत की मौजूदा व भावी पीढियां देश के विभाजन में झेली गई यातना और वेदना याद दिलाने को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बतौर भाजपा मना रही है। भाजपा ने प्रदेश के सभी




जिलों में देश के विभाजन में विस्थापित एवं शहीद देशवासियों की याद में मौन जुलूस निकालेगी। विभाजन की विभीषिका पर गोष्ठियां कर क्रूरता, अमानवीयता आदि कारणों पर चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रत्येक ब्लाक से मिट्टी मंगाकर दिल्ली में आठ हजार पौधरोपण करायेंगे।

प्रेसवार्ता में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि समाज, संस्कृति सभी का बंटवारा हो गया है। विभाजन के दर्द दौरान हुई हिंसा देश की याद्दास्त में गहराई से दर्ज है। तीस दिसम्बर 1906 को घोर साम्प्रदायिक संगठन मुस्लिम लीग का गठन जन्म से ही प्रथकतावादी नीति से हुआ था। 1939 में मुस्लिम लीग ने देश में बडे पैमाने पर दंगे करवाये। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि लाहौर में 1940 में मुस्लिम लीग ने दो राष्ट्र के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। साफतौर पर घोषणा की कि अलग देश चाहते हैं। मुस्लिम लीग ने डायरेक्ट एक्सन-डे के तहत देश में दंगे व उन्माद फैलाया। देश में हत्या, लूट, डकैती, आगजनी व दुराचार का दौर शुरू हो गया। अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति कारगर साबित हुई। प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, अश्वनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ चित्रकूट-सुन्दर चित्रकूट की साकार हो रही कल्पना: राकेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति के 82वें अभियान में कामतानाथ परिक्रमा में सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक रविवार को परिक्रमा मार्ग में जनजागरूकता को ये अभियान चलाया जाता है।

रविवार को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करने को ये अभियान चलाया जा रहा है। समाज में बदलाव लाने को हमे खुद में बदलाव लाना पडेगा। स्वच्छता के प्रति सभी की जिम्मेदारी है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी सफाई के रूप में शुरू किया था। स्वच्छ भारत की कल्पना की दृष्टि से लागू किया था।



चित्रकूट में कामदगिरि स्वच्छता समिति लगातार अभियान चला रही है। स्वच्छ चित्रकूट-सुंदर चित्रकूट की कल्पना को साकार किया जा रहा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता का सीधा संबंध शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। ये कहना गलत नहीं होगा कि एक स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ्य मन का वास होता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता अच्छी आदत है, जो जीवन की गुणवत्ता बढ़ाती है। अभियान में जितेंद्र केसरवानी, जानकी कुशवाहा, दीपक द्विवेदी, अंकुर केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, सुमित केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, श्रवण मलिक, विनोद कुमार व नगर पालिका टीम शामिल रही।

## राजापुर एसएचओ ने चालक के हत्यारे को दबोचा

### आलाकत्ल व ट्रक समेत फोन बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की टीम ने ट्रक ड्राइवर के हत्यारे रवि कुमार गौतम पुत्र लालजी गौतम निवासी बहादुरगंज थाना ऊंचाहार जिला रायबरेली को आलाकत्ल बेलपाना समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि रायबरेली जिले के पूरे सुरजू कोटरा मजरा बहादुरगंज थाना ऊंचाहार के शिव सिंह पुत्र सुन्दरलाल यादव ने थाने में सूचना दी कि उसका भाई शिवशंकर ट्रक नम्बर यूपी70/जीटी 2550 का चालक है। आठ अगस्त की रात में ट्रक के क्लीनर रवि गौतम ने हत्या कर शव जमुना पुल से नदीं में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर एसपी के निर्देश



पर गोताखोरों की मदद से शव को यमुना नदी से बरामद किया। आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस प्रयास करती रही।

प्रभारी निरीक्षक राजापुर ने 12 अगस्त को रवि गौतम को गिरफ्तार किया।

पूंछताछ में उसने बताया कि ट्रक डाइवर शिवशंकर के बीच ट्रक का डीजल चोरी करने व मोबाइल को लेकर सतना में विवाद हुआ था। सतना से कर्वी तक ट्रक ड्राइवर शिवशंकर ट्रक चलाकर लाया। कर्वी से उसे ट्रक चलाने को दिया। कुछ देर बाद ट्रक मे ही सो गया। इसी बीच जब वह ट्रक चलाकर राजापुर कस्बा निकलकर यमुना पुल पहुंचा तो बेलपाना से ट्रक ड्राइवर के सिर पर हमलाकर उसकी हत्या कर दी। शव को यमुना नदी में फेंक दिया। गाड़ी लेकर वहां से भाग गया। उसकी निशानदेही पर शिवशंकर का पर्स 510 रुपये, की-पैड मोबाइल, आलाकत्ल बेलपाना व ट्रक यूपी 70 जीटी 2550 बरामद किया। आरोपी के कब्जे से बरामद मृतक के रुपये व मोबाइल के आधार पर मुकदमे की धारा में बढ़ोत्तरी की गयी। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र, दरोगा बलदेव सिंह, जीतेन्द्र मौर्या, उमेन्द्र त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी शामिल रहे।

# विदेश संदेश

## म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान भीड़ पर अंधाधुंध गोलीबारी, एक की मौत, कई घायल; हमलावर फरार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिर गोलीबारी की घटना हुई है। इस बार एक रॉक शो में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाई गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस को शक है कि आरोपी दो लोग हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है।

**क्या है मामला**

घटना अमेरिका के मिनेयापोलिस की है। जहां को लोगों की भीड़ एक म्यूजिक शो के लिए इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान लोगों की भीड़ पर गोलीबारी की गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी दो हैं और वह गोलीबारी के बाद पैदल ही घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस का मानना है कि भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति आरोपियों के निशाने पर था। मिनेयापोलिस के पुलिस चीफ ब्रायन ओ हारा ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। हालांकि पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है कि आरोपी दो ही थे। अभी जांच जारी है। घटना की सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां गोली लगने से घायल कई लोग मिले। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कुछ लोग खुद ही अस्पताल पहुंच गए। घटना में मारे गए व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं घायलों में एक की हालत गंभीर है।




## पोलैंड में मिला दूसरे विश्व युद्ध का 250 किलो वजन का बम, हजारों को सुरक्षित जगह भेज किया गया डिफ्यूज

**लुबलिन।** पोलैंड के लुबलिन शहर में दूसरे विश्व युद्ध के समय का बम मिला है। इसके बाद शहर में करीब 14 हजार लोगों को अस्थायी रूप से घर छोड़ने का आदेश दिया गया। लोगों को स्कूलों और दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया। साथ ही उन्हें घरों में बिजली से चलने वाले सभी इक्विपमेंट्स, पानी और गैस को बंद करने के लिए कहा गया। निर्माण साइट पर मिले इस बम का वजन 250 किलो है। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने बम को हटाकर इसे डिफ्यूज कर दिया। खतरा टलने के बाद लोगों को फिर से घर जाने की इजाजत मिल गई। पोलैंड में इससे पहले भी कई बार दूसरे विश्व युद्ध के समय के बम मिल चुके हैं। कुछ दिन पहले ही जर्मनी के डसलडॉर्फ शहर में 500 किलोग्राम का बम बरामद हुआ था। बम मिलने के बाद 13 हजार लोगों को अस्थायी रूप से स्कूलों में शिफ्ट किया गया था।



**पोलैंड में पहले भी मिल चुके हैं ऐसे बम**

इससे पहले पिछले महीने भी एक स्कूल के रेनोवेशन के वक्त तोपखाने के कुछ गोले मिले थे। वहीं पिछले साल पोलैंड की राजधानी वॉरसॉ में 500 किलो का बम मिला था, जिसके बाद 30 हजार लोगों को अस्थायी रूप से घर छोड़ना पड़ा था।

## सऊदी अरब का बड़ा फैसला, पहली बार फिलिस्तीन के लिए नियुक्त किया राजदूत

**सऊदी अरब।** सऊदी अरब ने एक बड़े घटनाक्रम में शनिवार को फिलिस्तीन के लिए पहली बार अनिवासी राजदूत नियुक्त किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के नए राजदूत यरूशलम के लिए महावाणिज्य दूत के रूप में भी काम करेंगे। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में घोषणा की कि जॉर्डन में वर्तमान राजदूत नायेफ अल-सुदैरी को फिलिस्तीन के लिए अनिवासी राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके बाद नायेफ अल-सुदैरी ने जॉर्डन की राजधानी अम्मान में फिलिस्तीनी दूतावास में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति के राजनयिक मामलों के सलाहकार मजदी अल-खालिदी से मुलाकात की और अपना परिचय पत्र सौंपा। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, जॉर्डन में दो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक राजदूत नायेफ अल-सुदैरी ने अम्मान में फिलिस्तीनी दूतावास में फिलिस्तीन के असाधारण और अनिवासी राजदूत और यरूशलेम में महावाणिज्य दूत के रूप में अपनी नियुक्ति की एक प्रति डॉ. मजदी अल-खालिदी को सौंपी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नायेफ अल-सुदैरी ने राजदूत के रूप में अपनी नियुक्ति का स्वागत किया और इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने सऊदी अरब के किंग सलमान और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की फिलिस्तीन के साथ संबंधों को मजबूत करने और इसे सभी क्षेत्रों में औपचारिक बढ़ावा देने की इच्छा की सराहना की।

# माओवादी सरकार पर पाकिस्तानी शैली में शासन चलाने का आरोप

**काठमांडू।** नेपाल के माओवादी नेतृत्व वाले प्रचण्ड सरकार पर सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने ही पाकिस्तानी शैली में शासन चलाने का आरोप लगाया है। सत्ता के प्रमुख घटक दल और प्रमुख विपक्षी दल ने प्रचण्ड सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए ऐसा ना करने की चेतावनी दी है। देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली ने काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में सरकार पर पाकिस्तान की शैली अपनाने का आरोप लगाया है। ओली ने कहा कि सरकार के विरोध में संसद में बोलने के कारण ही पत्रकार से लेकर सांसद तक की गिरफ्तारी की जा रही है। यह किसी भी लोकतांत्रिक देश में नहीं होता है। ओली ने प्रचण्ड सरकार के गृहमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सोने की तस्करी मामले में गृहमंत्री की संलिप्तता होने की बात कहने के कारण ही एक सांसद को गिरफ्तार कर लेना ऐसा सिर्फ पाकिस्तान में ही होता है।

ओली ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर इस बात पर विरोध जताते हुए कहा कि जिस तरह की पाकिस्तानी शैली उन्होंने अपनाई है कलको सत्ता परिवर्तन होने के बाद यह शैली उनके लिए ही मुश्किल पैदा हो सकता है। ओली ने कहा कि प्रतिशोध की राजनीति की शुरूआत नेपाल जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए घातक है। ओली ने सरकार को चेतावनी देते हुए



अधिनायकवादी शैली और प्रतिशोध की राजनीति बन्द करने की मांग की है। सरकार पर विपक्षी दलों के तरफ से आरोप प्रत्यारोप करना एक आम बात है। पर जब सत्ता के प्रमुख घटक और सरकार को समर्थन कर रहे सबसे बड़ी पार्टी के प्रभावशाली नेता भी सरकार पर इसी तरह का आरोप लगाए तो निश्चित ही मामले को गम्भीर ही माना जाएगा। सत्तारूढ़ घटक दल नेपाली कांग्रेस की सांसद डा आरजू देउवा ने भी सरकार पर पाकिस्तानी शैली में शासन चलाने का आरोप लगाया है। आरजू देउवा का आरोप लगाना इसलिए भी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि वो सिर्फ एक सांसद ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा की पत्नी भी हैं। आरजू देउवा ने सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि माओवादी नेतृत्व की सरकार कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चुनचुन कर किसी ना किसी माले में फंसा रहे हैं और बिना जांच के ही उनको गिरफ्तार कर जेल में डालने का काम कर रहे हैं।

आरजू ने आरोप लगाया कि जिस तरह से पाकिस्तान की सरकार प्रतिशोध की राजनीति करती है और विपक्षी दल के नेताओं को विभिन्न आरोप लगा कर उन्हें फंसाने जुटी रहती है ठीक उसी तरह नेपाल की सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को कम और सत्तारूढ़ घटक दल के नेताओं को ही किसी ना किसी मामले में फंसा कर जेल में डालने का काम कर रही है।

संसदीय दल की बैठक में आरजू देउवा ने कहा कि सरकार उनके खिलाफ प्रोपोगेण्डा चलाकर अलग अलग मुद्दे में उन्हें भी घसीटते हुए जेल में भेजने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि यह कतई सह्य नहीं होगा। आरजू ने कहा कि यह सच है कि गठबन्धन हमारे लिए मजबूरी बनते जा रही है लेकिन अपनी पार्टी को समाप्त कर या अपने नेताओं को समाप्त कर इस सरकार को नहीं बचाया जा सकता है।

# नेपाल में प्रतिबन्धित भारतीय दवाओं की धड़ल्ले से की जा रही तस्करी

**तीन भारतीय युवाओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रतिबन्धित भारतीय दवाओं की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। इन प्रतिबन्धित दवाओं को भारत से नेपाल तक पहुंचाने के लिए युवाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। अलग अलग तरीके से इन प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी की घटना आए दिन सामने आती रहती है।

नेपाल के सीमावर्ती शहर रक्सौल से बीरंगज आ रहे तीन भारतीय युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने



पूरे शरीर में प्रतिबन्धित दवाओं को टेप से चिपका कर रखा हुआ था। रक्सौल से बीरगंज प्रवेश करते समय सीमा चौकी पर पुलिस पर तीन युवाओं की गतिविधि संदिग्ध लगने पर पूछताछ के लिए रोका तो उनके शरीर से 1500 बोतलें प्रतिबन्धित दवाओं की मिली। इस मामले में बीरगंज पुलिस ने बिहार के मोतिहारी जिला के रामगढवा निवासी 40 वर्षीय हेमताज आलम, 20 वर्षीय इम्तियाज आलम और 20 वर्षीय अजीत कुमार मलाह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इनके पास से 500 प्रति डाईजोपाम, 500 प्रति फेनारगन और 500 प्रति नॉरफिन दवाइयों की शीशी बरामद की है। नेपाल में इन दवाइयों का इस्तेमाल ड्रग्स के रूप में होता है। सरकार ने इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

## विश्व हाथी दिवस पर केक काटकर हुआ हाथियों का पिकनिक

**काठमांडू।** नेपाल के प्रमुख पर्यटन स्थल में से एक सौराहा में आज विश्व हाथी दिवस पर हाथियों को केक काटकर खिलाया गया और उनके लिए विशेष रूप से पिकनिक का आयोजन किया गया। सौराहा में होने वाले एलीफेंट सफारी में सहभागी सभी हाथियों की पहले तो पूजा की गई, फिर केक काटा गया और सभी हाथियों के लिए विशेष खाने पीने की व्यवस्था भी की गई थी। हाथी संचालकों की सहकारी संस्था ने इस पिकनिक का आयोजन किया था। कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण प्रसाद खतिवडा के अनुसार इसमें सरकारी और निजी रूप से प्रयोग होने वाले करीब 150 हाथी शामिल किए गए।चितवन राष्ट्रीय निकुंज के प्रमुख संरक्षक डिल बहादुर पुर्जा ने केक काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन कर हाथियों को केक खिलाया। इसके अलावा हाथियों को विशेष प्रकार से निर्मित खीर परोसी गयी। साथ ही उनको ईख, चना और सीताफल आदि खाने को दिया गया।



# नेपाल में घटक दलों की नाराजगी से प्रचंड सरकार पर संकट के बादल

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों की नाराजगी से प्रचंड सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एक-एक कर घटक दल जिस तरह से सरकार के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं वह प्रचंड सरकार के लिए खतरे की घंटी है।

सरकार को समर्थन दे रही सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं को एक के बाद एक करके जिस तरह से टार्गेट किया जा रहा है उससे यह गठबंधन अधिक दिनों तक नहीं टिक सकता। पार्टी के एक बड़े नेता और पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खांड को नकली भूटानी शरणार्थी प्रकरण में पिछले दो महीने से जेल में रखे जाने से कोईराला ने नाराजगी व्यक्त की है। इसी तरह दो दिन पहले ही नेपाली कांग्रेस के सांसद डॉ. सुनील शर्मा को एक पुराने मामले में गिरफ्तारी को लेकर पार्टी की सांसद डॉ. आरजू देउवा प्रचंड सरकार पर हमलावर दिखीं। पार्टी



के संसदीय दल की बैठक में आरजू देउवा ने कहा कि पाकिस्तान की तरह प्रचंड सरकार भी रिवेंज की पॉलिटिक्स कर रही है। अगर सरकार का यही रवैया रहा तो गठबंधन बरकरार नहीं रह सकता है। कांग्रेस के अलावा सरकार को समर्थन कर रही जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) ने तो सरकार से समर्थन वापसी की धमकी तक दे डाली है। दरअसल 17 साल पुराने मामले में जसपा के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के खिलाफ जांच करने का आदेश देने के बाद से ही पार्टी नाराज चल रही है। जसपा प्रवक्ता मनीष सुमन ने काठमांडू में शनिवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार ने जानबूझकर हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने जांच का आदेश वापस नहीं लिया तो सरकार से समर्थन वापस ले लिया जाएगा। जसपा की तरह सरकार में सहभागी एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल के खिलाफ एक जमीन घोटाले में पुलिस ने पूछताछ के लिए समन जारी किया है। इसके बाद से ही यह पार्टी प्रधानमंत्री प्रचंड से नाराज है। सरकार में सहभागी नेपाल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई के खिलाफ भी इसी मामले में समन जारी किया गया है।

# कनाडा में फिर हिंदू मंदिर पर हमला, तोड़फोड़, खालिस्तानी नेता के लगाए पोस्टर

**टोरंटो।** कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। इसके आरोप भी खालिस्तान समर्थकों पर लग रहे हैं क्योंकि मंदिर के गेट पर बीते दिनों मारे गए खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के पोस्टर चिपकाए गए हैं। घटना कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की है।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर को बनाया निशाना**

जिस मंदिर को निशाना बनाया गया है, वह सरे का लक्ष्मी नारायण मंदिर है। यह ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। मंदिर के गेट पर खालिस्तान जनमत संग्रह के पोस्टर लगा दिए गए हैं, जिन पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की भी तस्वीर लगी है। पोस्टर में लिखा गया कि 'कनाडा 18 जून की हत्या की घटना में भारत की भूमिका की जांच कर रहा है।'

**हरदीप सिंह निज्जर की हुई थी हत्या-** बता दें कि खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर, सरे के गुरुनानक सिख गुरुद्वारा साहिब का प्रमुख था। 18 जून की शाम गुरुद्वारा परिसर में ही दो अज्ञात बंदूकधारियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था।

**इस साल हिंदू मंदिर पर हमले की तीसरी घटना**

बता दें कि कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इस साल ही यह हिंदू मंदिर पर हमले की तीसरी घटना है। इससे पहले 31 जनवरी को कनाडा के ब्रैम्पटन इलाके में एक मशहूर




हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और उस पर भारत विरोधी नारे लिख दिए गए थे। इस पर कनाडा में रहने वाले भारतीय समुदाय ने आपत्ति भी जताई थी। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने भी इस घटना की निंदा की थी। इसके बाद अप्रैल में कनाडा के ओंटारियों में एक हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। इनके आरोप भी खालिस्तान समर्थकों पर लगे थे।

# पाकिस्तान को मिला कार्यवाहक प्रधानमंत्री, बलूचिस्तानी नेता अनवर उल हक के नाम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में असेंबली में विपक्ष के नेता मिल कर नाम का चयन कर राष्ट्रपति के पास भेजते हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज ने राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी को बलूचिस्तान से आने वाले सीनेटर अनवर उल हक को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने की संस्तुति भेज दी। इसी आधार पर राष्ट्रपति ने अनवर उल हक ककर को पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गयी है।



अनवर उल हक ककर बलूचिस्तान अवामी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में हैं। अनवर उल हक ककर ने ट्वीट कर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा का मौका देने के लिए अल्लाह का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने लिखा है कि वे पाकिस्तान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का दावा, अफगानिस्तान से हो रही आतंकी संगठनों को हथियारों की आपूर्ति

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान से कई आतंकी संगठनों को हथियारों की आपूर्ति हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तालिबान और तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान जैसे अल-कायदा से जुड़े समूह आईएसआईएल-के तकनाटो-कैलिबर हथियार पहुंचा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 2021 में तालिबान के अधिग्रहण के बाद अफगानिस्तान के भीतर और पड़ोसी देशों में सैन्य उपकरणों के प्रसार पर चिंता व्यक्त की है। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की 17वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश अफगानिस्तान, मध्य पूर्व और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार,




विशेष रूप से हथियारों की पहुंच को लेकर चिंतित हैं। आईएसआईएल (दाएश) के क्षेत्रीय सहयोगियों ने छोटे हथियारों और हल्के हथियारों के साथ-साथ मानव रहित विमान प्रणालियों और तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों को उस तक पहुंचाने में वृद्धि की है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन-कैलिबर हथियार जो आमतौर पर पूर्व अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों से जुड़े होते हैं, उन हथियारों को तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान, ईस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, टीआईपी जैसे तालिबान और अल-कायदा से जुड़े समूहों द्वारा आईएसआईएल-के में स्थानांतरित किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआईएल-के को अफगानिस्तान और व्यापक क्षेत्र में सबसे गंभीर आतंकवादी खतरा माना है। आईएसआईएल-के ने अफगानिस्तान के अंदर अपनी परिचालन क्षमताओं में वृद्धि की है, जिसमें लड़ाकों और परिवार के सदस्यों की संख्या 4,000 से 6,000 होने का अनुमान है।